दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के आम पहुंच तक

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, रविवार, 01 फरवरी २०२६ शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 283 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं कि आधी छोड़ पूरी धाय आधी मिली न पूरी पाय। यूजीसी के नए नियमों पर भले ही सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन दे दिया है लेकिन मामला सुलटा नहीं है। यह विवादास्पद गाइडलाइन सरकार के लिए गले की हड्डी बन चुकी है जो न निगलते बन रही है और न ही उगलते। 20 प्रतिशत सवर्ण वोटर तो हत्थे से उखड़ ही गये हैं। अब इस गाइडलाइन को रद्दी की टोकरी में फेंका गया तो 80 प्रतिशत भी हाथ से निकल जाएंगे। यह तो वही बात हो गई कि दुविधा में दोनों गये माया मिली न राम।

सीएम साय की समीक्षा का असर, अब नया टेंडर होगा, राज्य शासन के बचेंगे 14 करोड़

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा छापी जाने वाली कागजों की मोटाई अब नहीं बढ़ेगी। बीते दिनों शासन की समीक्षा बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है। निर्णय के आधार पर पापुनि द्वारा जारी किया गया पुराना टेंडर रद्द कर दिया गया है।

नए टेंडर में कागजों की मोटाई पूर्ववत रखी गई है। इससे सरकार पर वित्तीय भार भी कम आएगा और छात्रों के बस्ते का बोझ भी नहीं बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ पाठ्य पुस्तक निगम ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मुफ्त स्कूली किताबों की छपाई के लिए इस बार 70 जीएसएम के बजाय 80 जीएसएम कागज का उपयोग करने की योजना बनाई थी। जिसके लिए लगभग 11,000 मीट्रिक टन कागज की खरीदी की जानी थी। वर्तमान सप्ताह में मुख्यमंत्री द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पुस्तकों की छपाई 70 जीएसएम वाले कागजों में ही की जाएगी।

खास बातें

- मुफ्त किताबों के लिए 70 के बजाय 80 जीएसएम कागज उपयोग की बनाई थी योजना
- बच्चों के बस्ते का बोझ नहीं बढ़ेगा, 70 जीएसएम कागज में होगी पुस्तकों की छपाई

बचेंगे 14 करोड़

किताबों की मोटाई पूर्ववत ही रखे जाने से बच्चों के बस्ते का बोझ नहीं बढ़ेगा। मोटाई बढ़ाने से लागत में जो 14 करोड की वृद्धि होती, वह भी अब नहीं होगी। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक की पुस्तकों के आंतरिक पृष्ठों के लिए अब 80 जीएसएम और कवर के लिए 220 जीएसएम कागज के इस्तेमाल का फैसला किया था।

पापुनि की आलोचना भी हो रही

कक्षा 9वीं-10वीं के लिए 70 जीएसएम वाले कागजों का ही उपयोग किए जाने का निर्णय लिया गया था। इसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण और बेहतर टिकाऊ पुस्तकें उपलब्ध करवाना था। चूंकि 70 जीएसएम के कागजों में भी गुणवत्ता पर्याप्त रूप से बेहतर होती है, इसलिए कागजों की मोटाई बढ़ाए जाने संबंधित फैसले को बस्तों के बोझ बढ़ाने और वित्तीय भार में वृद्धि के रूप में देखा जा रहा था। कई स्तर पर पापुनि की इस संदर्भ में आलोचना भी हो रही थी।

कम होगा वित्तीय भार

सरकार के निर्देशानुसार पुराना टेंडर रद्द किया गया है। नए टेंडर के मुताबिक कागजों की मोटाई पूर्ववत रखे जाने से वित्तीय भार कम होगा। इसके अतिरिक्त बस्ते पर अधिक बोझ भी नहीं पड़ेगा।

- डिगेश पटेल, महाप्रबंधक, पाठ्य पुस्तक निगम

धान खरीदी : 31 जनवरी थी अंतिम तारीख, शनिवार की वजह से नहीं हुई खरीदी, तारीख बढ़ाने की आस

टोकन-टेंशन और उम्मीद में अन्नदाता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस बार धान खरीदी ने किसानों को रूला दिया। सिस्टम, अफसरशाही और नियमों के पेंच ने किसानों को ऐसा फंसाया कि अन्नदाता अपनी जान देने को मजबूर हो रहे हैं। 31 जनवरी खरीदी की आखिरी तारीख थी, लेकिन शनिवार होने की वजह से खरीदी बंद रही। इस साल टोकन नहीं कटने और धान नहीं बिकने से परेशान कुछ किसान आत्महत्या करने की कोशिश कर चुके हैं। कुछ जहर सेवन कर अस्पताल पहुंच गए। कोई मरने के लिए टावर पर चढ़ गया। बालोद जिले के एक किसान ने धान नहीं बिकने पर परिवार सहित आत्मदाह की चेतावनी देकर सिस्टम पर सवाल उठा दिया है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस सरकार पर हमलावर है तो वहीं धान नहीं बेच पाए किसानों को अब सुशासन की सरकार से खरीदी समय सीमा बढ़ाने की आस है।

कीटनाशक दवा लेकर खरीदी केंद्र पहुंचा किसान

गुरुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने धान खरीदी 31 जनवरी तक करने की घोषणा की थी, लेकिन शनिवार की वजह से केंद्रों में खरीदी बंद है। इधर बड़ी संख्या में किसान समितियों में धान बेचने को पहुंचे, लेकिन खरीदी नहीं होने से निराश होते रहे। बालोद जिले के अरमरी कला खरीदी केंद्र में धान नहीं बिकने से चिंतित एक किसान शुक्रार को कीटनाशक दवा लेकर पहुंच गया। इसकी सूचना प्रशासनिक गलियारों तक पहुंचने के बाद हड़कंप मच गया है। शनिवार को जनपद सीईओ, एसडीएम और तहसीलदार गांव पहुंचे। मिली जानकारी के मुताबकि अरमरी सोसाइटी में मन्नू साहू नाम किसान कीटनाशक दवा लेकर पहुंचा था। टोकन नहीं कटने की वजह से वह धान नहीं बेच पाया है। किसान मन्नू द्वारा गंभीर कदम उठाने की जानकारी से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूर्व विधायक का भी नहीं बिका धान, धरने पर बैठी रही



बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के अरमरीकला खरीदी केंद्र में बालोद संजारी विधानसभा की पूर्व विधायक कुमारी बाई साहू और उनके पुत्र भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा कार्यकारिणी एवं जनपद सदस्य नरेश साहू खुद अपने धान बेचने के लिए अरमरीकला खरीदी केंद्र में शुक्रवार दोपहर से बैठे नजर आए। वे रात को भी समिति में बैठे थे और शनिवार को भी समिति में ही धान बेचने के लिए आए हैं।

हाई टेंशन टावर पर चढ़ा किसान, हंगामा



जांजगीर चांपा। जांजगीर-चांपा जिले के कसौदी गांव में धान बेचने के लिए टोकन न कटने से नाराज किसान अनिल कुमार पैगवार ने शनिवार को हाई टेंशन टावर पर चढ़कर विरोध जताया। अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में अफरा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

परेशान किसान ने पीया जहर



अकलतरा। जांजगीर-चांपा जिले में धान खरीदी में व्याप्त अव्यवस्था से तंग आकर एक किसान ने आत्महत्या की कोशिश की है। अकलतरा विकासखंड के ग्राम सांकर में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

टोकन नहीं मिला कीटनाशक पिया



कोरबा। धान बिक्री के लिए टोकन न मिलने की समस्या से जूझ रहे ग्राम पुटा निवासी 40 वर्षीय किसान सुमेर सिंह गोड़ ने 12 जनवरी को कीटनाशक का सेवन कर लिया था। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्यपाल को लिखा था पत्र : महंत

बता दें कि पिछले दिनों नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने धान खरीदी को लेकर राज्यपाल रामेन डेका को पत्र लिखा था। उन्होंने राज्यपाल से खरीदी में हस्तक्षेप की मांग की थी। महंत ने कहा था कि किसानों को जारी टोकन पर भी उनसे कम मात्रा में धान लिया जा रहा है। टोकन नहीं कटने से किसान परेशान हैं। किसानों में भारी आक्रोश है। प्रदर्शन और आंदोलन हो रहे हैं, जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया था कि वे राज्य सरकार को निर्देश दें कि किसानों से पूरा धान खरीदे और खरीदी की अंतिम तिथि आगे बढ़ाए।

बढ़ाएं धान खरीदी की तिथि : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी घोषित किया है। अभी तक 3 लाख से अधिक किसान धान नहीं बेच पाये है। लगभग 4.7 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। धान खरीदी की तिथि 1 माह बढ़ाई जाये। आनलाइन टोकन काटने की बंद प्रक्रिया फिर शुरू की जाये तथा सभी सोसायटियो में आफलाइन टोकन देना भी शुरू किया जाये।

कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेयरमैन ने खुद को मारी गोली

■ 9000 करोड़ के मालिक, 200 कारें, प्राइवेट जेट, 12 रोल्स रॉयस के मालिक हैं सीज राय

बेंगलुरू (ए.)। कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे रॉय ने शुक्रवार को सेंट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्कल के पास कंपनी के ऑफिस में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस खबर ने पूरे शहर को चौंका दिया है। घटना के बाद हर कोई हैरान है।

पुलिस के मुताबिक घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3.15 बजे हुई। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स (आईटी) विभाग की तलाशी चल रही थी। रॉय की सुसाइड के बाद आयकर अधिकारी रेड की प्रोसेस बीच में छोड़कर चले गए। कॉन्फिडेंट ग्रुप की स्थापना वर्ष 2005 में हुई थी। यह समूह रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में एक जाना-माना नाम है।

रॉय की नेटवर्थ 9 हजार करोड़ रुपए थी। उनके पास प्राइवेट जेट और 200 से ज्यादा लग्जरी कारें थीं। इनमें से 12 रोल्स रॉयस भी शामिल हैं। मूल रूप से केरल के रहने वाले रॉय का कारोबार कर्नाटक और दुबई में फैला था। कॉन्फिडेंट ग्रुप केरल और कर्नाटक का रियल एस्टेट डेवलपर है। पुलिस ने बताया कि मौके पर कोई आईटी अधिकारी मौजूद नहीं था।

बेंगलुरु पुलिस जांच के तौर पर आईटी विभाग से जरूरी जानकारी लेगी। उधर, रॉय की पत्नी और बेटा शनिवार को बेंगलुरु के बॉवरिंग अस्पताल में पोस्टमॉर्टम सेंटर पहुंचे।

ऐसा था रॉय का कारोबार

- 9 हजार करोड़ की संपत्ति के मालिक रॉय
- कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेयरमैन थे सीजे रॉय
- 200 से ज्यादा लक्जरी कारों के मालिक
- 12 रोल्स रॉयस और प्राइवेट जेट भी था
- रियल एस्टेट-इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के टायकून थे।

न्यूज गैलरी

तीन फरवरी से खुलेगा अमृत उद्यान

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान आम लोगों के लिए तीन फरवरी से खोल दिया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को इसका उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नाविका गुप्ता ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि लोग तीन फरवरी से अमृत उद्यान देखने के लिए राष्ट्रपति भवन आ सकेंगे। यह उद्यान आम जनता के लिए 31 मार्च तक खुला रहेगा।

एयरबस को एच-175 हेलीकॉप्टर का ऑर्डर

हैदराबाद(वार्ता)। फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो ओसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं। उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर के पहले से शामिल हैं।

पीयूष पांडे बंगाल के नए डीजीपी नियुक्त

कोलकाता। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी पीयूष पांडे को शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का कार्यवाहक नियुक्त किया गया. यह नियुक्ति मौजूदा डीजीपी राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के कारण की गई है. जारी आदेश के अनुसार, 1993 बैच के अधिकारी पीयूष पांडे अगले आदेश तक कार्यभार संभालेंगे. राजीव कुमार के रिटायरमेंट से एक दिन पहले शनिवार को उनके उत्तराधिकारी के नाम की घोषणा नवन्ना ने की। इसके साथ ही कई टॉप पोस्ट में फेरबदल किया गया है।

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा बनीं डिप्टी सीएम

■ महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम, 12 मिनट का शपथ ग्रहण, शरद पवार नहीं पहुंचे

मुंबई/बारामती (ए.)। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।

पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुनेत्रा पवार को महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री बनने और इस दायित्व को संभालने वाली पहली महिला बनने पर, सुनेत्रा पवार जी को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों के कल्याण के लिए अथक परिश्रम करेंगी और दिवंगत अजितदादा पवार के विज़न को साकार करेंगी।

मोदी कल पंजाब के दौरे पर जाएंगे

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, महान संत और समाज सुधारक गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर रविवार को पंजाब का दौरा करेंगे और वहां आदमपुर हवाई अड्डे का नामकरण 'श्री गुरु रविदास जी हवाई अड्डा, आदमपुर' करने के साथ ही राज्य को नागरिक उड्डयन बुनियादी ढांचे की सौगात देंगे। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी कल दोपहर करीब पौने चार बजे राज्य के आदमपुर पहुंचेंगे। श्री मोदी अपने इस दौरे में लुधियाना के हलवारा हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन करेंगे।

सीएम ने तीर-धनुष से साधा लक्ष्य

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारायणपुर के बिंजली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तीरंदाजी के स्थानीय युवा खिलाड़ियों से आत्मीय मुलाकात की और स्वयं तीर-धनुष उठाकर लक्ष्य साधते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बस्तर अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

आईजी पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में पुलिस अधीक्षक (एसपी) या पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। मंत्रालय के 28 जनवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा। इसका उद्देश्य नेतृत्व वाले वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति से पहले अधिकारियों के लिए केंद्रीय स्तर पर पर्याप्त अनुभव सुनिश्चित करना है।

गरमा-गरम

बजट से उम्मीद | 13 लाख तक की कमाई हो सकती है टैक्स फ्री, बजट में 5 बड़े ऐलान संभव

300 नई ट्रेनों की घोषणा, किसान समान निधि में इजाफा संभव

नई दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को बजट पेश करेंगी। बजट में इनकम टैक्स की नई रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किया जा सकता है। इससे सैलरीड लोगों की 13 लाख रुपए की इनकम फ्री हो सकती है। अभी 12.75 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री है। इससे मिडिल क्लास के हाथ में आने वाला पैसा बढ़ेगा। महीने में कुछ हजार रुपए की बचत हो सकती है। ये खर्च, सेविंग या निवेश में काम आएगी।

किसान सम्मान निधिः 50 फीसदी बढ़ सकती सालाना रकम

पीएम-किसान योजना की राशि 6 हजार से 9 हजार रुपए सालाना की जा सकती है। बीते 3 साल से इसे बढ़ाने की बात हो रही है। 2019 में योजना शुरू होने के बाद से इसमें बदलाव नहीं हुआ है। 2024 में संसदीय स्थायी समिति ने रकम दोगुना करके 12 हजार रुपए सालाना करने की सिफारिश की थी। किसान संगठनों का कहना है कि 2019 से मिल रहे 6 हजार रुपए की कीमत महंगाई की वजह से 5 हजार रुपए रह गई है। इसे बढ़ाकर 12 हजार रुपए किया जाना चाहिए।

पीएम सूर्य घर योजनाः बजट में 2 किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर सब्सिडी को 30 हजार प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 40 हजार करने का ऐलान हो सकता है। मौजूदा नियमों के मुताबिक 2 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगवाने पर 30 हजार प्रति किलोवाट के हिसाब से कुल 60 हजार रुपए की सब्सिडी मिलती है। अगर बजट में सब्सिडी 10 हजार रुपये प्रति किलोवाट बढ़ाई गई तो सोलर सिस्टम पर कुल 80 हजार रुपए सब्सिडी मिलेगी। यानी 20 हजार रुपए की बचत। 3 किलोवाट से ऊपर के सिस्टम के लिए सब्सिडी 78 हजार रुपए पर सीमित है।

आयुष्मान भारतः 60 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को फायदाः सरकार आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ा सकती ■ शेष पृष्ठ 8 पर

300 नई अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेनें



सरकार नई ट्रेनें चलाकर 2030 तक रिजर्वेशन की वेटिंग लिस्ट खत्म करना चाहती है। ऐसे में 300 से ज्यादा अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेनों का ऐलान हो सकता है। पिछले बजट में रेलवे के लिए 2.65 लाख करोड़ रुपए अलॉट किए गए थे। यह अब तक का सबसे बड़ा रेल फंड है। इस बार भी इसके बढ़ने की उम्मीद है। ट्रेनों में रोजाना सफर करने वाले करीब 2 करोड़ लोगों को इसका फायदा होगा।

शराब दुकानों के मैन पावर के लिए 300 करोड़ का टेंडर

आबकारी में 'टर्नओवर' का खेल, सीवीसी नियमों की अनदेखी के लग रहे आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमसीएल) ने राज्य की 676 शराब दुकानों के संचालन के लिए मैन पावर सप्लाई का नया टेंडर जारी कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 से प्रभावी होने वाला यह टेंडर 3 साल के लिए करीब 300 करोड़ रुपये का है। हालांकि, टेंडर की शर्तों ने विभाग और ठेका कंपनियों के बीच खलबली मचा दी है। इस बार 'अनुभव' और 'पंजीकृत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

3 साल के लिए व्यवस्था, 19 मार्च को खुलेगा टेंडर

मैन पावर सप्लाई के लिए टेंडर भरने की अंतिम तिथि 19 मार्च 2026 तय की गई है, उसी दिन बिड खोली जाएगी। वर्तमान में प्रदेश में 676 दुकानें हैं, जिनमें 67 नई दुकानें और जोड़ने की तैयारी है। लगभग 700 दुकानों के संचालन के लिए करीब 4 हजार कर्मचारियों की आवश्यकता होगी।

3.52 लाख पौधों के रोपण, एनएमडीसी नगरनार में हुआ हरित आवरण में हुआ बढ़ोत्तरी

विकसित हुआ मानव निर्मित वन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगए मानव निर्मित वन क्षेत्र की स्थापना के लिए तैयार है, जिसका उद्देश्य पारिस्थितिक तंत्र के क्षरण को रोकना, उसे स्थिर करना और उसे उलटना, जलवायु परिवर्तन से लड़ना और बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की घटना को टालना है। हरियाली का स्पर्श जोड़ने और पर्यावरण के साथ संतुलन बनाने की अवधारणा न केवल प्रदूषण को कम करेगी बल्कि क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को भी पुर्नजीवित करेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण विस्तार के उद्देश्य से एनएमडीसी नगरनार क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण कार्य किया गया है। निगम द्वारा एनएमडीसी नगरनार के साथ अनुबंध के तहत

वर्ष 2017 से 2025 के बीच कुल 3 लाख 52 हजार 500 पौधों का रोपण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में एक मानव निर्मित वन का सफल विकास हुआ है।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने इस उपलब्धि के लिए विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है। इस दीर्घकालिक वृक्षारोपण परियोजना के अंतर्गत स्थानीय जलवायु के अनुकूल छायादार, फलदार एवं अन्य उपयोगी प्रजातियों के पौधों का चयन कर वैज्ञानिक पद्धति से रोपण एवं नियमित संरक्षण किया गया। परियोजना का उद्देश्य औद्योगिक गतिविधियों से उत्पन्न पर्यावरणीय प्रभावों को कम करना, जैव विविधता को बढ़ावा देना तथा क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन को सुदृढ़ करना है। गौरतलब है कि वन विकास निगम के अधिकारियों के अनुसार विकसित मानव निर्मित वन भविष्य में वायु गुणवत्ता सुधार, जल संरक्षण, तापमान संतुलन एवं हरित वातावरण निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल राज्य सरकार की सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण नीति के अनुरूप एक सराहनीय प्रयास है। उक्त कार्य औद्योगिक वृक्षारोपण मण्डल, जगदलपुर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

न्यूज गैलरी

अजीत पवार के निधन पर श्रद्धांजलि

रायपुर /नवप्रदेश। अजीत पवार के प्लेन दुर्घटना मे निधन होने पर श्रध्दांजली प्रदान कर दो मिनट का मौन रख कर पवार परिवार को



शोक सहन करने की शक्ति ईश्वर से प्रदान करने की प्रार्थना किया गया राष्ट्रीय महासचिव कांत कसेर प्रदेशाध्यक्ष मनोज गुप्ता के साथ हिमान्शु वर्मा पं.भीषम शर्मा आई के वर्मा रितेश वर्मा सीताराम साहू श्याम सुन्दर साहु प्रान्शु कसेर रायपुर जिला अध्यक्ष किशोर कुमार सोनी गिरीश हरिहारनो शकुंतला ठाकुर छाया जामुलकर राजू परते दुलारु यादव दिपेश सिन्हा शुभम ताम्रकार दुगेश साहू ब्रिजेश चौरसिया सपा विनय भैय्या ने पुरानी बस्ती रायपुर मे जिला अध्यक्ष किशोर कुमार सोनी के यहां उपस्थित होकर श्रध्दांजली प्रदान कि जानकारी संगठन सचिव भजन जागडे दिया गया

20 हजार 383 किसानों के खातों में 284 करोड़ रुपये अंतरित

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले में चालू खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य की अंतिम तिथि शुक्रवार को समाप्त हुई। 15 नवंबर से 30 जनवरी तक की अवधि में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले 20 हजार 383 किसानों से 12.01 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई।वही करीब 3 हजार किशान किसी न किसी समस्या व नियम के कारण बेच नही पाए वही जिन्होंने बेचा इसके एवज में किसानों के खातों में 284 करोड़ 60 लाख रुपये अंतरित किए गए। उपार्जन अवधि के दौरान किसानों को वितरित किए गए ऋण के विरुद्ध 45 करोड़ 05 लाख रुपये की वसूली भी की गई है।

पापुनि का टेंडर रद्दः कागज की मोटाई कम, 14 करोड़ बचेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा छापी जाने वाली कागजों की मोटाई अब नहीं बढ़ेगी। बीते दिनों शासन की समीक्षा बैठक पश्चात यह निर्णय लिया गया है। निर्णय के आधार पर पापुनि द्वारा जारी किया गया पुराना टेंडर रद्द कर दिया गया है। नए टेंडर में कागजों की मोटाई पूर्ववत रखी गई है। इससे सरकार पर वित्तीय भार भी कम आएगा और छात्रों के बस्ते का बोझ भी नहीं बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ पाठ्य पुस्तक निगम ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मुफ्त स्कूली किताबों की छपाई के लिए इस बार 70 जीएसएम के बजाय 80 जीएसएम कागज का उपयोग करने की योजना बनाई थी। जिसके लिए लगभग 11,000 मीट्रिक टन कागज की खरीदी की जानी थी। वर्तमान सप्ताह में मुख्यमंत्री द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पुस्तकों की छपाई 70 जीएसएम वाले कागजों में ही

बस्तों का बोझ भी होगा हल्का



की जाएगी। इसके बाद नए सिरे से टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया की जाएगी। पापुनि डिगेश पटेल जीएम ने कहा कि, सरकार के निर्देशानुसार पुराना टेंडर रद्द किया गया है। नए टेंडर के मुताबिक कागजों की मोटाई पूर्ववत रखे जाने से वित्तीय भार कम होगा। इसके अतिरिक्त बस्ते पर अधिक बोझ भी नहीं पड़ेगा।

बचेंगे 14 करोड़ रूपये

किताबों की मोटाई पूर्ववत ही रखे जाने से बच्चों के बस्ते का बोझ नहीं बढ़ेगा। इसके अलावा मोटाई बढ़ाने से लागत में जो 14 करोड की वृद्धि होती, वह भी अब नहीं होगी। पूर्व में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम ने नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक की पुस्तकों के आंतरिक पृष्ठों के लिए अब 80 जीएसएम और कवर के लिए 220 जीएसएम कागज के इस्तेमाल का फैसला किया था।

पापुनि की इस संदर्भ में आलोचना भी हो रही

वहीं कक्षा 9वीं-10वीं के लिए 70 जीएसएम वाले कागजों का ही उपयोग किए जाने का निर्णय लिया गया था। इसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण और बेहतर टिकाऊ पुस्तकें उपलब्ध करवाना था। चूंकि 70 जीएसएम के कागजों में भी गुणवत्ता पर्याप्त रूप से बेहतर होती है, इसलिए कागजों की मोटाई बढ़ाए जाने संबंधित फैसले को बस्तों के बोझ बढ़ाने और वित्तीय भार में वृद्धि के रूप में देखा जा रहा था। कई स्तर पर पापुनि की इस संदर्भ में आलोचना भी हो रही थी।

सीएसपीडीसीएल की 25 वर्षों की सेवा, उपभोक्ता विश्वास एवं विद्युत क्षेत्र में रहा उपलब्धियों को समर्पित

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आज जिला मुख्यालय कबीरधाम (कवर्धा) में रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन सीएसपीडीसीएल की 25 वर्षों की सेवा, उपभोक्ता विश्वास एवं विद्युत क्षेत्र में उपलब्धियों को समर्पित रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन एवं सीएसपीडीसीएल द्वारा संचालित जनकल्याणकारी विद्युत योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाना तथा उपभोक्ताओं को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए जागरूक करना रहा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को रूफ्टॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने पर केंद्र एवं राज्य शासन से अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी संभव है। साथ ही सौभाग्य योजना, कृषि पंप विद्युतीकरण योजना, डिजिटल बिलिंग एवं ऑनलाइन भुगतान सुविधा, तथा स्मार्ट मीटरिंग जैसी योजनाओं एवं पहलों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में यह बताया गया कि सीएसपीडीसीएल द्वारा जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक निर्बाध, सुलभ एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे जनजीवन, कृषि, व्यापार एवं उद्योग को निरंतर गति मिल रही है।

बिलासपुर के तालागांव से छत्तीसगढ़ को मिली अद्वितीय पहचानः अरुण साव

ताला महोत्सव में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री, कहा- क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव तीन दिवसीय ताला महोत्सव के दूसरे दिन शामिल होकर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मनियारी नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक ताला गांव की देवरानी जेठानी मंदिर और रुद्र शिव की प्रतिमा से बिलासपुर और छत्तीसगढ़ को अद्वितीय प्रसिद्धि और पहचान मिली है। इस ऐतिहासिक क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक धरमलाल कौशिक ने की। क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकुमार कौशिक, जिला पंचायत सदस्य गोविंद यादव सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से लोग पहुंचे थे। उप मुख्यमंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण साव ने कहा कि बीते 2 सालों में क्षेत्र में 200 करोड़ से ज्यादा राशि के 8 महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं, जो कि क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक को अपने क्षेत्र के विकास की काफी चिंता होती है। इसलिए इस क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास के काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा और जो भी सड़क बचे होंगे, उन सब को स्वीकृति देकर 3 साल में पूरा किया जाएगा। श्री साव ने कहा कि मोदी जी की एक-एक गारंटी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार पूरा कर रही है। कल ही महतारी बंदन योजना की 24 वीं किस्त जारी हुई है। सभी महिलाओं के खाते में एक - एक हजार रुपए जमा किया गया है। इससे मेला मड़ई में महिलाओं की उपस्थिति और रौनकता बढ़ी है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी और तहसीलदार राजेंद्र भारत ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। लोगों ने सुनील सोनी के नेतृत्व में आयोजित लोक कला टीमों की प्रस्तुति का भरपूर आनंद उठाया।

मंदिर परिसर के लिए हाईमास्ट सोलर लाइट स्वीकृत

क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा ताला महोत्सव के आयोजन के लिए संस्कृति विभाग द्वारा 5 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने क्रेडा की ओर से मंदिर परिसर में 11 लाख रुपए की लागत से दो हाई मास्ट सोलर लाइट के स्वीकृत होने की जानकारी दी।

ताला महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि इस साल से ताला महोत्सव में दिन के समय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है, जो कि मेला आयोजन समिति की अच्छी पहल है। इससे कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। ताला की रुद्र शिव की प्रतिमा जैसी मूर्ति विश्व में कहीं नहीं हैं । इस प्राचीन मूर्ति की विशेषता यह है कि इसके शरीर और चेहरे पर विभिन्न जानवरों और जीवों की आकृतियां उकेरी गई हैं। उन्होंने कहा कि ताला में काफी विकास हुआ है, लेकिन अभी और बहुत कुछ किया जाना बचा है। उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में दो बरस में 200 करोड रुपए के सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में अब पीएम आवास बन रहे हैं। पीने के लिए पानी, खाने का चावल और इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड सभी लोगों का बना है। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री के समक्ष मंदिर प्रवेश के लिए सड़क और सौंदर्यीकरण कार्य की मांग रखी।



35 साल बाद पत्नी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, पति की तलाक याचिका खारिज

पत्नी रहती थी बेटी-दामाद संग, पति ने मांगा तलाक

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने पति पत्नी के तलाक को लेकर एक फैसला सुनाया है। शादी के 35 साल बाद पति ने प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पत्नी से तलाक के लिए याचिका लगाई थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। पति ने यह आरोप लगाया कि उसकी पत्नी झगड़ालु है और उसे मानसिक रुप से परेशान कर रही है। 15 साल से उसे छोड़कर बेटी दामाद के घर रह रही है। इसी आधार पर तलाक की मांग की।

वहीं पत्नी ने यह कहते हुए तलाक को चुनौती दी कि पति चरित्र पर शक करते थे। उसे बीपी शुगर है, लेकिन पति ने कभी उनके इलाज का खर्च नहीं उठाया। मजबूरी में उन्हें बेटी के घर रहना पड़ा। कोर्ट ने कहा कि इतने पुराने वैवाहिक संबंध में क्रूरता और परित्याग के ठोस प्रमाण जरूरी हैं। सिर्फ अंदाजे या सामान्य आरोपों के आधार पर फैसला नहीं दिया जा सकता और तलाक की अपील खारिज कर दी। दरअसल, बेमेतरा जिले के रहने वाले गिरधर दुबे ने फैमिली कोर्ट में हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के तहत तलाक की याचिका दायर की थी। पति का कहना था कि उनकी पत्नी पिछले 14-15 सालों से उन्हें छोड़कर बेटी और दामाद के साथ रह रही है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि पत्नी उनसे झगड़ा करती थी और मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी। दोनों की शादी करीब 35 साल पहले हुई थी और उनके दो बच्चे हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। पति पेशे से पुजारी है और इन्हीं आधारों पर उन्होंने तलाक की मांग की थी। यह मामला 35 साल पुराने वैवाहिक संबंध का था। हाईकोर्ट ने कहा कि तलाक के लिए क्रूरता और परित्याग के ठोस और स्पष्ट प्रमाण जरूरी हैं। इस मामले में न तो क्रूरता साबित हुई और न ही परित्याग। ऐसे में कोर्ट ने पति की अपील खारिज कर दी और बेमेतरा फैमिली कोर्ट का फैसला बरकरार रखा। के जस्टिस संजय अग्रवाल जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया है कि पत्नी का पति से अलग रहना तलाक का आधार नहीं हो सकता। क्रूरता साबित करने के लिए ठोस घटनाएं, साफ आरोप और पुख्ता सबूत जरूरी होते हैं। पति के गवाहों के बयान सामान्य पाए गए और उन पर भरोसा नहीं किया जा सका। महिला प्रकोष्ठ की काउंसलिंग रिपोर्ट से पत्नी के आरोप अधिक विश्वसनीय लगे। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने साफ किया कि तलाक जैसे गंभीर मामले में सिर्फ अंदाजे या सामान्य आरोपों के आधार पर फैसला नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने माना कि फैमिली कोर्ट का फैसला सही है और रिकॉर्ड के खिलाफ नहीं है। इसी कारण पति की अपील खारिज कर दी गई।

चरित्र शंका का आरोप

पत्नी ने पति की याचिका का विरोध किया। उन्होंने कहा कि पति गाली-गलौच, मारपीट और चरित्र पर शक करते थे। पत्नी ने यह भी बताया कि वह ब्लड प्रेशर और शुगर की मरीज है, लेकिन पति ने कभी उनके इलाज का खर्च नहीं उठाया। मजबूरी में उन्हें बेटी के घर रहना पड़ा। फैमिली कोर्ट, बेमेतरा ने 5 जुलाई 2023 को पति की तलाक याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने माना कि पत्नी ने दो वर्ष या उससे अधिक समय तक जानबूझकर परित्याग नहीं किया, यह साबित नहीं हुआ। पति की ओर से लगाए गए क्रूरता के आरोप अस्पष्ट और सामान्य पाए गए। प्रस्तुत साक्ष्य तलाक के लिए पर्याप्त नहीं माने गए।

एलसीआईटी परीक्षा केंद्र में छात्रा से छेड़छाड़ आरोपी शिक्षक के खिलाफ एफआईआर

बिलासपुर/नवप्रदेश। परसदा स्थित एलसीआईटी स्कूल/कॉलेज एक बार फिर गंभीर आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। आईकेएस इंडियन नॉलेज सिस्टम परीक्षा के दौरान एक छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद कॉलेज प्रबंधन और परीक्षा व्यवस्था पर तीखे सवाल खड़े हो गए हैं। छात्रा की शिकायत पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

घटना 29 जनवरी 2026 की बताई जा रही है, जब छात्रा परीक्षा देने एलसीआईटी परिसर पहुंची थी। आरोप है कि परीक्षा केंद्र में चेकिंग के नाम पर ड्यूटी पर तैनात एलसीआईटी स्कूल के शिक्षक असीम मुखर्जी ने छात्रा के साथ अनुचित व्यवहार किया। घटना से आहत छात्रा ने 30 जनवरी को चकरभाठा थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार, शिकायत के आधार पर मामले की प्राथमिक जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। छात्रा के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और परीक्षा ड्यूटी से जुड़े रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। पीड़िता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी गई है। यह मामला केवल एक शिक्षक के आचरण तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि परीक्षा केंद्र की निगरानी, चेकिंग प्रक्रिया और समग्र प्रबंधन व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। लोगों का कहना है कि यदि संस्थान में अनुशासन और जवाबदेही की व्यवस्था मजबूत होती, तो ऐसी घटनाओं की नौबत नहीं आती। फिलहाल जांच जारी है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या प्रभावशाली निजी शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा को पर्याप्त प्राथमिकता दी जा रही है या नहीं। एलसीआईटी प्रबंधन पर अब न केवल कानूनी, बल्कि सामाजिक दबाव भी बढ़ता नजर आ रहा है।

जांच के बाद कार्रवाई



एडिशनल एसपी पंकज पटेल ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर मामले की गंभीरता को देखते हुए चकरभाठा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। जांच चल रही है। जांच के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

अर्चना को पीएचडी मिली की उपाधि

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सी.वी. रमन विवि द्वारा शिक्षण शास्त्र विषय में अर्चना तिवारी को इफ़ेक्ट ऑफ पैरेंटल प्रेशर ऑन सेल्फ एफ्फिकस्य एंड सेल्फ कांसेप्ट ऑफ एडोलसेंट स्टूडेंट विषय पर शोध उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. जयश्री शुक्ला के मार्गदर्शन में पूरा किया। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता गुरूजनों परिवार एवं मित्रों को दिया है।

केंद्रीय बजट-2026 को लेकर भाजपा का प्रचार अभियान तेज

■ **जन-जन तक बजट पहुंचाने बनीं रणनीति**

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय बजट-2026 के प्रचार-प्रसार को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें संगठन और सरकार के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। सुबह आयोजित बैठक को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल और केंद्रीय बजट समिति के प्रदेश संयोजक एवं विधायक अमर अग्रवाल ने संबोधित किया। अमर अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट-2026 विकसित भारत की संकल्पना को सशक्त करने वाला है, जो गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। बैठक में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, सांसद संतोष पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं ने बजट की प्रमुख विशेषताओं और उसके सकारात्मक प्रभावों को आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। वहीं रात्रि में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल शामिल हुए। भाजपा ने केंद्रीय बजट-2026 को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाने का ऐलान किया है।

'भारतीय भाषा परिवार' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरु

शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में आयोजित

बिल्हा/नवप्रदेश। शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा (बिलासपुर) में आज से 'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन शुरू हुआ। भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम के प्रथम दिन विभिन्न अकादमिक सत्रों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय भाषाओं की समृद्ध विरासत पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महाराजा अग्रसेन जी की पूजा, दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ राज्यगीत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि आचार्य ए.डी.एन. वाजपेयी (कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर) ने 'जय जोहार' से अपना उद्बोधन छत्तीसगढ़ी भाषा के साथ किया। छत्तीसगढ़ी भाषा को हृदय के अत्यधिक समीप बताते हुए इस सम्मेलन को छात्र-छात्राओं को जागृत करने का माध्यम कहा। 'पांच कोस में पानी दस कोस में बानी' का परिवर्तन भारत में देखा जाता है। यह कहावत उनके ज्ञानवर्धन, मार्गदर्शन और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। छात्रों और प्राध्यापकों को प्रेरित किया। मुख्य वक्ता प्रो. चितरंजन कर ने कहा कि शब्द ब्रह्म है। भाषा हमारी चेतना है। जय तक हम बोल रहे है। तब तक दम जिंदा है। संस्कृति की फसल चेतना है। भाषा की खेती साहित्य है। अपने गीत ' भिन्न-भिन्न बोलियाँ अर्थ एक है। भिन्न-भिन्न शैलियाँ धर्म एक है।' साहित्य व्याकरण से अधिक महत्त्वपूर्ण है। कब, किससे क्या बोलना है। भाषा विज्ञान समझता है। भाषा आत्मा में बसती है। अंत में छात्रों को संम्बोधित करके कहा 100% अंक होने के बाद भी अपने को छात्र प्रस्तुत नहीं कर सका तो अंक शून्य होगा ।। इस अवसर पर 'भारतीय भाषा परिवार' पर केंद्रित कॉन्फ्रेंस सोवेनियर का विमोचन भी किया गया।



सांस्कृतिक आयोजन लोक संस्कृति से जुड़ने का अवसर : मरावी

■ **बम्हनीकला प्राथमिक शाला में मनाया गया वार्षिकोत्सव**

सीपत/नवप्रदेश। संकुल केंद्र पोंडी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनीकला में रंगारंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की जीवंत झलक पेश की। आकर्षक पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने लोकनृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मचखंडा सरपंच इंदु देवी मरावी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पोड़ी जनपद सदस्य अनीता विजय गुप्ता, पोड़ी शैक्षिक संकुल समन्वयक रामबाबू कर्ष, उपसरपंच उमदेवी सरोटे, एसएमसी अध्यक्ष मिलन सिंह पुलस्त, उपाध्यक्ष काशीराम पुलस्त उपस्थित थे।

कार्रवाई

नागपुर मंडल ने रेल मदद शिकायत पर रेलवे सुरक्षा बल की त्वरित कार्रवाई

यात्रियों को परेशान कर अवैध वसूली करने वाले चार किन्नर गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। दीप चंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ट्रेनों में यात्रियों को परेशान कर अवैध वसूली करने वाले किन्नरों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

29 जनवरी को रेल मदद के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 22816 बिलासपुर-सुपरफास्ट एक्सप्रेस के आगे के जनरल कोच में कुछ किन्नर यात्रियों से जबरन पैसे मांग रहे हैं। शिकायत प्राप्त होते ही रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की प्रभारी निरीक्षक तरुणा साहू के नेतृत्व में शिकायतकर्ता से संपर्क किया गया। शिकायतकर्ता ने अपना नाम रोमेश कुमार बताया तथा जानकारी दी कि वे अपने परिवार के साथ गोंदिया से रायपुर की यात्रा कर रहे हैं और कोच में कुछ किन्नर यात्रियों को परेशान कर अवैध रूप से धन की मांग कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए, गाड़ी के राजनांदगांव स्टेशन, प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 पर आगमन के दौरान रेसुब पोस्ट राजनांदगांव द्वारा उप निरीक्षक के. प्रसाद एवं स्टाफ के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित जनरल कोच की जांच की गई। जांच के दौरान कोच में घूम-घूमकर अवैध रूप से पैसे मांग रहे चार किन्नरों को पकड़कर उतारा गया, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः मधु किन्नर, गुरु सोनाली, उम्र 27 वर्ष, सोनाली किन्नर, पति अजय बैरागी, उम्र 42 वर्ष, काजल किन्नर, गुरु सोनाली, उम्र 35 वर्ष, ढिल्लू किन्नर, गुरु सोनाली, उम्र 27 वर्ष (सभी निवासी – साई नगर, उरला/कुर्ला, थाना मोहन नगर, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़) चारों किन्नरों को जांच हेतु रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव लाया गया। जांच के दौरान चारों बिना टिकट पाए गए, जिस पर कार्यरत टिकट निरीक्षक को मेमो देकर श्वस्नञ्ज के माध्यम से टिकट बनाया गया। इसके अतिरिक्त यात्रियों को परेशान कर अवैध वसूली करने के अपराध में चारों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 145(बी) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। रेल मदद के माध्यम से प्राप्त शिकायत का सफलतापूर्वक समाधान किया गया तथा यात्रियों को राहत प्रदान की गई। रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों से अपील करता है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा, अवैध वसूली अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या होने पर रेल मदद 139 या रेल मदद ऐप के माध्यम से तुरंत सूचना दें, ताकि समय पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

न्यूज गैलरी

राकेश साहू बने भाजयुमो मुंगेली के जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। राकेश साहू को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी

नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं युवा मोर्चा के सदस्यों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। प्रदेश नेतृत्व ने राकेश साहू के संगठनात्मक अनुभव, सक्रिय कार्यशैली और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में मुंगेली जिले में युवा मोर्चा संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, पार्टी की नीतियों और विचारधारा को युवाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करेंगे। साथ ही युवाओं को संगठन से जोड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी दोहराया।

ग्राम भटगांव में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम भटगांव में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन आस्था एकता सेवा समिति भटगांव की द्वारा किया जा रहा है। जिसमे अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, उतलेस साहू नवधा रामायण में भगवान श्रीराम माता जानकी की कथा आचार्य गुलाब प्रसाद पाण्डेय एवं आनंद प्रसाद पाण्डेय के श्रीमुख से प्रतिदिन किया जा रहा है। नवधा रामायण में चितरेखा चैतराम साहू मुख्य यजमान बनें। 31 जनवरी को हवन तर्पण एवं सहस्त्र धारा के साथ नवधा रामायण कथा का विश्राम किया जायेगा। आयोजन समिति में भीखम साह, रामू साहू, विनय पाण्डेय, डॉ. रतन साहू, नरेंद्र साहू, टेकराम साहू सहित ग्राम भटगांव के प्रबुद्ध नागरिक एवं धर्म प्रेमी जनता का सहयोग प्राप्त हो रहा ।

निधन सनत पटेल

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम देवरी निवासी सनत पटेल उम्र

43 वर्ष का 29 जनवरी की रात्रि में निधन हो गया। वे पिछले 2-3 वर्ष से लंबे बीमारी से जूझ रहे थे। अंत में हॉपिस्टल में अंतिम सास ली। वे गोकुल पटेल का छोटा पुत्र, यशवंत पटेल, बेदराम पटेल शिक्षक, जनत पटेल का छोटे भाई थे। उनका एक पुत्र और एक पुत्री है। उनका अंतिम संस्कार 30 जनवरी को गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

राज्य स्तरीय विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण में अधिनियम की धाराओं, पोर्टल संचालन और तकनीकी पहलुओं की दी विस्तृत जानकारी

प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बनाए गए कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय एवं आंतरिक शिकायत समितियों के पदाधिकारी तथा संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला में राज्य स्तरीय संसाधन केन्द्र महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के संचालक एस. के. चौबे ने अपने उद्बोधन में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि POSH अधिनियम के अंतर्गत सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में प्रावधानों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। उन्होंने She-Bo& पोर्टल पर सभी संस्थानों की ऑनबोर्डिंग तथा आंतरिक शिकायत समिति की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से कराने पर जोर दिया, ताकि महिलाओं की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष और सुरक्षित समाधान सुनिश्चित हो सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी सरगुजा



श्री जे. आर. प्रधान ने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा का आधार है।

POSH अधिनियम न केवल शिकायत निवारण का मंच प्रदान करता है, बल्कि संस्थानों में संवेदनशीलता, जवाबदेही की संस्कृति विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी विभागों से अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने और कर्मचारियों को जागरूक करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर सर्वत नकवी ने प्रतिभागियों को अधिनियम की प्रमुख धाराओं की व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि POSH अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत किसी भी शासकीय/अशासकीय संस्था में जहाँ 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हों, वहाँ आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। समिति का गठन न होने की स्थिति में कार्यालय प्रमुख पर 50 हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने समिति की संरचना, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, समय-सीमा, गोपनीयता तथा पीड़िता के संरक्षण से जुड़े प्रावधानों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में राज्य स्तरीय संसाधन केन्द्र, रायपुर के सहायक संचालक अतुल दांडेकर ने She-Bo& पोर्टल के संचालन एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने पोर्टल पर पंजीकरण, शिकायत अपलोड करने की प्रक्रिया, प्रगति की ट्रैकिंग और रिपोर्टिंग से जुड़े फीचर्स का लाइव डेमो देते हुए बताया कि यह प्लेटफॉर्म शिकायतों के निस्तारण को समयबद्ध, पारदर्शी और मॉनिटर करने योग्य बनाता है। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ श्रम विभाग, आदिवासी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत, शिक्षा विभाग, नगर पालिका निगम तथा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा संभाग के सभी जिलों की आंतरिक एवं स्थानीय शिकायत समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे विभिन्न संस्थानों में एकरूपता के साथ अधिनियम के पालन को गति मिलने की उम्मीद जताई गई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ललित शुक्ला, डीपीओ जशपुर अजय उपस्थित रहे ।

प्रधानमंत्री जनमन योजनाः पहाड़ी कोरवा महिलाओं को रोजगार, झाड़ू निर्माण से हो रही स्थायी आमदनी

जगिमा पीवीटीजी वनधन विकास केंद्र महिला समूह से बन रहीं आत्मनिर्भर

बलरामपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजातियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन का ज़मीनी स्तर पर बेहतर परिणाम सामने आ रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की महिलाओं को पीवीटीजी वनधन विकास केंद्र के माध्यम से उनके गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जिले के शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत जगिमा गांव में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 10 पहाड़ी कोरवा महिलाओं का एक समूह गठित किया गया है। महिलाएं पहले, रोजगार के अभाव में घरेलू कार्यों तक सीमित होने के साथ

ही परिवार के भरण-पोषण हेतु मजदूरी करने को मजबूर थीं। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत समूह गठन के पश्चात् समूह के महिलाओं को फूल झाड़ू निर्माण का कार्य दिया गया।

झाड़ू निर्माण हेतु आवश्यक कच्चे माल की खरीदी के लिए योजना के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। जिससे महिलाएं स्वयं कच्चा माल खरीद कर कार्य कर रही हैं। जगिमा गांव में पीवीटीजी वनधन विकास केंद्र में महिला समूह द्वारा नियमित रूप से फूल झाड़ू निर्माण किया जा रहा है। निर्मित झाड़ूओं के विक्रय से समूह को स्थायी आमदनी प्राप्त होगी। समूह से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि पहले उनके पास कोई स्थायी रोजगार नहीं था, लेकिन अब गांव में ही काम मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की जिम्मेदारियों को अच्छे से निभा पा रही हैं और बेहतर भविष्य की आशा रखती हैं। उल्लेखनीय है कि शासन-प्रशासन की संवेदनशील पहल प्रधानमंत्री की जनजातीय उत्थान की परिकल्पना और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन एवं प्रशासन के समन्वित प्रयासों से ग्रामीण अंचल की अन्य बेरोजगार महिलाओं के लिए भी आत्मनिर्भरता की राह प्रशस्त हुई है। जिससे पहाड़ी कोरवा महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है।

नुनियाकछार में सजेगा तीन दिवसीय बगदाई मेला उत्सव

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के ग्राम नुनियाकछार में आगामी 1 फरवरी से तीन दिवसीय भव्य बगदाई मेला उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस वर्ष मेले का यह 14वां साल है, जिसे लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

तीन दिनों तक चलेगा कार्यक्रमों का सिलसिला-जय बगदाई दाई सेवा समिति द्वारा आयोजित इस मेले में प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है, 01 फरवरी रविवार को मेले का भव्य शुभारंभ सायंकाल 05:00 बजे पूजन और भजन संध्या के साथ होगा। 02 फरवरी सोमवार को दोपहर 01:00 बजे से मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही स्वामी आत्मानंद दाऊपारा मुंगेली नवागांव के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। 03 फरवरी मंगलवार को मेले के अंतिम दिन रात्रि 09:00 बजे से छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका पायल साहू और आकाश चन्द्राकर के निर्देशन में 40 कलाकारों की टीम चिन्हारी लोक मंजरी (दुर्ग) द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।

गांधी पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रख भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में दो मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर के निर्देशानुसार आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों का स्मरण किया।

कांग्रेस ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर जताया विरोध

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। सर्वप्रथम कांग्रेसजनों ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत जिले भर से जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा के मूल स्वरूप की बहाली तथा प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित धान खरीदी की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला सहित सभी ब्लॉक के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता द्वारा अपने ब्लाक में एक दिन का सांकेतिक चक्काजाम कर प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं

बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नियमों में जिस प्रकार बदलाव किया गया है, उससे योजना की मूल भावना और आत्मा समाप्त हो गई है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, दिलीप बंजारा, चुरावन मंगेशकर, आत्मा सिंह क्षत्रिय, रोहित शुक्ला, दीपक गुप्ता, संजय यादव, सागर सोलंकी, जित्तू श्रीवास्तव, अभिलाष सिंह, राजेश छेदईया, आनंद सोनी, लक्की गर्ग, नीरज यादव, कौशिक सिंह क्षत्रिय, अजय साहू, श्रवण सोनकर, जग्गू ठाकुर, नामदेव बंजारा, संजय ठाकुर, महेंद्र यादव, आरिफ खोखर, मकबूल खान, प्रिंशु दुबे, मंजीत रात्रे, उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, ललिता सोनी, निधि ठाकुर, निधि पौराणिक, वैशाली सोनी, साधना वर्मा, आराधना तिवारी, राजू खान, प्रतीक ताम्रकार, सूरज मंगलानी, जय सोनी, निजाम खान, दिलीप सोनी, श्री ठाकुर, प्रभु मल्लाह सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

226 विद्यार्थियों ने कक्षा 9वीं और 210 ने 11वीं में आवेदन

मुंगेली/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 09वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु पार्श्व चयन परीक्षा 07 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में प्रवेश पत्र जारी किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 09वीं के लिए 226 और कक्षा 11वीं के लिए 210 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। कक्षा 09वीं के विद्यार्थी और कक्षा 11वीं के विद्यार्थी वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्म तिथि अंकित कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने स्वास्थ्य विभाग का अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। फाइलेरिया (हाथी पांव) जैसी गंभीर बीमारी से बचाव एवं नियंत्रण के लिए जिले में 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना तथा आमजन को इस रोग के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों लोरमी, मुंगेली एवं पथरिया में चरणबद्ध रूप से दवा वितरण एवं सेवन कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अभियान अंतर्गत 02 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवा एवं कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा।

यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज की बाइक रैली

मुंगेली/नवप्रदेश। यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज के आह्वान पर समाज के वरिष्ठजन, युवाशक्ति और मातृशक्ति एकजुट होकर बाईक रैली निकाली। बाइक रैली पुराना बस स्टैंड स्थित कम्युनिटी हॉल से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। जहां प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली के दौरान समाज के विभिन्न समाज प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने एक स्वर में यूजीसी बिल को जनविरोधी और विभाजनकारी बताते हुए इसे काला कानून करार दिया। वक्ताओं ने कहा कि यह बिल सामाजिक समरसता को तोड़ने वाला,

समान अवसरों को सीमित करने वाला और शिक्षा को पक्षपात की ओर धकेलने वाला है, जो संविधान की मूल भावना के बिल्कुल विपरीत है। वक्ताओं ने चेताया कि यदि यह बिल लागू हुआ तो इसका दुष्प्रभाव केवल सवर्ण समाज तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर गंभीर संकट उत्पन्न होगा। समाज ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह किसी भी कीमत पर असमानता, अन्याय और भेदभाव को स्वीकार नहीं करेगा। सवर्ण समाज ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि यह संघर्ष शांतिपूर्ण होते हुए भी अडिग, निर्णायक और निरंतर रहेगा। जब तक यूजीसी बिल वापस नहीं लिया जाता, तब तक समाज अपनी लोकतांत्रिक लड़ाई पूरी मजबूती के साथ जारी रखेगा।

महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों पर दिया गया प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। महिलाओं के कार्यस्थल पर सम्मान, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम) पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष नरेन्द्र कोटड़िया, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी

गोपाल लांझी, रायपुर प्रशिक्षक सरवत नकवी एवं महिला संरक्षण अधिकारी सीतामणी कच्छप मौजूद रहे।

कार्यशाला के दौरान शासकीय, अशासकीय एवं निजी संस्थानों से आए प्रतिभागियों को पॉश अधिनियम 2013 की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आंतरिक शिकायत समिति, स्थानीय समिति शी बाक्स पोर्टल, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा पीड़ित महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अधिनियम के उल्लंघन की स्थिति में 50 हजार रूपए तक के जुर्माने सहित दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक, चाइल्ड हेल्पलाइन उमाशंकर कश्यप, शिवकुमार नेताम, सदस्य मोहित घृतलहरे, रीतिमा लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

अभियान

कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियों को दूर करने और भेदभाव खत्म करने जिला स्तर पर अभियान

मुंगेली में 'भेदभाव खत्म, गरिमा सुनिश्चित' थीम पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुंगेली जिले में ÷भेदभाव खत्म करना, गरिमा सुनिश्चित करना'' थीम पर 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रह है।

इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर कर समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा रोग से जुड़े भेदभाव को समाप्त करना है। कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को सामाजिक, शैक्षणिक, रोजगार एवं वैवाहिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जागरूकता की कमी और

गलतफहमियों के कारण यह बीमारी अक्सर छिपी रह जाती है, जिससे इलाज में देरी होती है। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह अभियान प्रतिवर्ष देशभर में चलाया जाता है। अभियान की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नवीन जिला अस्पताल, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों के कार्यालयों में गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक को दूर करने तथा समाज में समानता और सम्मान का वातावरण बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना भी की गई। इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे, खंड चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सकगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एमटी एवं मितानिनों सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

लोन रिकवरी बढ़ाने और योजनाओं के लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक जिला पंचायत सीईओ ने ली। बैठक में सीईओ ने लोन रिकवरी रेशियो पर चर्चा करते हुए रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गाइडलाइन के अनुरूप रिकवरी बढ़ाने का प्रयास करने निर्देशित किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आमजनों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाने कहा। उन्होंने जिले में बैंकों की गतिविधियों की समीक्षा एवं ऋण जमा अनुपात, एनआरएलएम 2, एनआरएलएम 3, एनआरएलएम 4, अंत्यावसायी, योजना की वित्त वर्ष 2024-25, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी विभाग से संबंधित किसान क्रेडिट कार्ड योजनाएं, स्व सहायता समूह खातों में दोहरी प्रमाणीकरण की प्रगति सहित शिक्षा ऋण में शासकीय एवं निजी बैंकों की भागीदारी की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

Love is in the Air : रोज़ डे के साथ होगी वैलेंटाइन वीक की शुरुआत

महकती मोहब्बत की शुरुआत : एक गुलाब, हज़ार एहसास

कहते हैं कि दुनिया की सबसे खूबसूरत भाषा वो है जो बिना बोले ही सब कुछ कह दे। इसी अनकही भाषा का सबसे बड़ा उत्सव है– वैलेंटाइन वीक। गुलाब का हर रंग अपनी एक अलग कहानी कहता है। जहाँ लाल गुलाब गहरे और अटूट प्रेम का प्रतीक है, वहीं पीला गुलाब दोस्ती की गर्माहट समेटे होता है। गुलाबी गुलाब प्रशंसा और कृतज्ञता जताने का तरीका है, तो सफेद गुलाब नई शुरुआत और पवित्रता का संदेश देता है। 'रोज़ डे' हमें मौका देता है कि हम अपने दिल के करीब रहने वाले इंसान को यह बता सकें कि उनकी मौजूदगी हमारे जीवन में कितनी मायने रखती है। एक छोटा सा गुलाब का फूल उन दूरियों को मिटाने की ताकत रखता है जिन्हें शब्द नहीं भर पाते।

भक्त, कवि, साधक व संत रविदास

भारतीय संस्कृति में भगवान राम और कृष्ण की जयंती राम नवमी तथा कृष्ण अष्टमी के रूप में धूमधाम से मनाने की पावन परंपरा प्राचीन काल से चलती आ रही है। जन-जन को ईश्वरीय अनुकंपा का लाभ प्रदान करने के लिए हमारे ऋषियों की संस्कार प्रक्रिया के अंतगर्त उच्चस्तरीय सृजनात्मक कल्याणकारी यह खोज विधा के रूप में रही है। संत एवं भक्त कवि रविदास हिन्दी साहित्य के इतिहास में मध्यकाल, भक्तिकाल के नाम से प्रख्यात है, इस काल में अनेक संत एवं भक्त-कवि हुए, जिन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त अनेक कुरूतियों को समाप्त करने का प्रयास किया, इन महान संतों, कवियों की श्रेणी में संत रैदास का प्रमुख स्थान रहा है। संत रैदास कबीर के समसामयिक थे, संत कवि रविदास का जन्म वाराणसी के पास एक गॉव में सन 1398 में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। रविवार के दिन जन्म होने के कारण इनका नाम रविदास रखा गया, रविदास जी को रामानन्द का शिष्य माना जाता है। इस वर्ष 2026 में रविदास जयंती 1 फरवरी रविवार के दिन है। कुछ विद्वान काशी में जन्मे रैदास का समय 1482-1527 ई. के बीच मानते हैं तो कुछ के अनुसार रैदास का जन्म काशी में 1398 में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ माना जाता है। संत कवि रविदास जी का जन्म चर्मकार कुल में हुआ था। इनके पिता का नाम 'रघु' और माता का नाम 'घुरविनिया' था। चर्मकार का काम उनका पैतृक व्यवसाय था और उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार किया। अपने कार्य को यह बहुत लगन और मेहनत से किया करते थे। उनकी समयानुपालन की प्रवृति तथा मधुर व्यवहार के कारण लोग इनसे बहुत प्रसन्न रहते थे। उन्होंने जाति, वर्ग



एवं धर्म के मध्य की दूरियों को मिटाने और उन्हें कम करने का भरसक प्रयत्न किया। रविदास जी भक्त, साधक और कवि थे। उनके पदों में प्रभु भक्ति भावना, ध्यान-साधना तथा आत्म-निवेदन की भावना प्रमुख रूप में देखी जा सकती है। रैदास जी ने भक्ति के मार्ग को अपनाया था। सत्संग द्वारा इन्होंने अपने विचारों को जनता के मध्य पहुंचाया तथा अपने ज्ञान तथा उच्च विचारों से समाज को लाभान्वित किया। प्रभुजी तुम चंदन हम पानी। जाकी अंग अंग वास समानी।। प्रभुजी तुम धनबन हम मोरा। जैसे चितवत चन्द्र चकोरा।। प्रभुजी तुम दीपक हम बाती। जाकी जोति बरै दिन राती।। प्रभुजी तुम मोती हम धागा। जैसे सोनहि मिलत सुहागा।। प्रभुजी तुम स्वामी हम दासा। ऐसी भक्ति करै रैदासा।। उपर्युक्त पद में रविदास ने अपनी कल्पनाषीलता, आध्यात्मिक षक्ति तथा अपने चिंतन को सहज एवं सरल भाषा में व्यक्त करते हैं। संत रैदास के सहज-सरल भाषा में कहे गये इन उच्च भावों को समझना आमजन के लिए बहुत आसान रहा है। उनके जीवन की



मुकेष ऋषि

घटनाओं से उनके गुणों का ज्ञान होता है। एक घटना के अनुसार गंगा स्नान के लिए रैदास के षिष्यों में से उनसे भी चलने का आग्रह किया तो वे बोले-गंगा स्नान के लिए मैं अवष्य जाता, परंतु मैंने किसी को आज ही जूते बनाकर देने का वचन दिया है और अगर मैं जूते नहीं दे सका तो वचन भंग होता है। अतः मन सही है तो कठौती के जल में ही गंगा स्नान का पुण्य प्राप्त हो सकता है। कहा जाता है कि इस प्रकार के व्यवहार के बाद से ही कहावत प्रचलित हो गयी कि-मन चंगा तो कठौती में गंगा। रविदास जी की भक्ति गीतों एवं दोहों में भारतीय समाज में समरसता एवं प्रेम-भाव उत्पन्न करने का प्रयास किया है। हिन्दू और मुसलिम में सौहार्द एवं सहिष्णुता उत्पन्न करने हेतु रविदास जी ने अथक प्रयास किए थे और इस तथ्य का प्रमाण उनके गीतों में देखा जा सकता है। वह कहते हैं कि तीर्थ यात्राएं न भी करो तो भी ईष्वर को अपने हृदय में वह पा सकते हैं। का मुथरा का द्वारिका का काषी हरिद्वार। रैदास खोजा दिल आपना तह मिलिया दिलदार।। मन चंगा तो कठौती में गंगा कहते हुए उन्होंने मन की षुद्धता पर विषेष रूप से जोर दिया। रविदास राम और कृष्ण भक्त परम्परा के कवि और संत माने जाते हैं। उनके प्रसिद्ध दोहे आज भी समाज में प्रचलित हैं। जिन पर कई भजन बने हैं, संत रविदास जयंती देष भर में उत्साह एवं धूम-धाम के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर षोभा यात्रा निकाली जाती है तथा षोभायात्रा में बैंड-बाजों के साथ भव्य झांकियां भी देखने को मिलती हैं। इसके अतिरिक्त रविदास जी के महत्व एवं उनके विचारों पर गोष्ठी और सतसंग का आयोजन भी होता है। सभी लोग रविदास जी की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

व्यंग्य रचना : चाहिए एक पार्टी प्रवक्ता

डॉ किशोर अग्रवाल

बरसों राजनीति में जूते घिसते घिसते नेता छदामी लाल को जब किसी भी पार्टी ने घास नहीं डाली तो उन्होंने खुद की एक पार्टी बना डाली । पार्टी का नाम रखा कुशासन उखाड़ू पार्टी जो "कूपा" के नाम से चल निकली । छदामी वर्षों से जनता में सक्रिय थे लोग उन्हें ही जानते थे । उत्साह वर्धन के कारण छदामी को लगा कि वह प्रांतीय स्तर की जरूरी चीज हो गए हैं । दो-तीन बार स्थानीय टीवी चैनल वालों ने उनके और उनकी पार्टी के उद्देश्यों पर बाइट्स ले लिए तो किसी ने सुझाया कि पार्टी प्रमुख होने के नाते आपका सीधे बोलना सस्ता लगता है, रैपर लगा हुआ माल महंगा बिकता है, अच्छा हो कि आपके विचार कोई और कहे। तब उन्हें पार्टी प्रवक्ता की जरूरत महसूस हुई । ग्राउंड जीरो से जुड़े किसी योग्य व्यक्ति की तलाश में उन्होंने अनेक पार्टी प्रवक्ताओं के प्रसारण, उनके डिबेट और मंच पर जिरह सुनकर एक प्रवक्ता चुनने की जिम्मेदारी अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को दी ।

अनेक पार्टियों से जुतियाए गए ,खुद के लालच में पार्टी छोड़कर आए हुए , या कहीं भी धेले भर के भी काम से नाकारा और निकम्मे लोगों का जमावड़ा था कूपा में । पार्टी प्रवक्ता में किस तरह की योग्यता हो , जिससे पार्टी का प्रचार प्रसार हो और धाक जमे इस विषय में अनेक सुझाव इन निकम्मों की तरफसे प्राप्त हुए । इन सुझावों के आधार पर पार्टी प्रवक्ता की कसौटी तय की गई ।

पहला: किसी भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत करने में माहिर हो और झूठ पकड़ा भी जाए तो बेशर्मी से अपनी बात पर डांटे रहने का माद्दा रखता हो।

दूसरा: बिना जाने बूझे किसी भी विषय पर कुछ भी बोल लेने की क्षमता हो ।

तीसराः मौका पाने पर कुत्ते सा भौंक सकता हो और उल्टी स्थिति पड़ने पर मिमियाना जानता हो ।

चौथा : शक्ल ऐसी बना कर रखें कि अन्य पार्टी के लोग अपनी बात कहने के पहले उसकी शक्ल देखकर लड़खड़ा जावें और मुद्दे की बात से भटक जावें।

पांचवां : खुद को बोलने के लिए मिले समय से अधिक बोलता हो और माइक बंद कर दिए जाने पर भी बोलता हुआ दिखे ताकि मैसेज जाए की एंकर ने जानबूझकर बोलने नहीं दिया ।

छटवां: दूसरे लोग अपनी बात के समर्थन में या कूपा के कार्यकलापों के विरुद्ध कितनी भी सटीकता व तर्क से अपनी बात रखें , उस बात का कोई नोटिस ना ले और अपने कुतर्क दृढ़ता से कहने का अच्छा अभ्यास हो।

सातवां : पार्टी अध्यक्ष या पार्टी कार्यकर्ता किसी मंच पर कोई उल्टी सीधी बात हांक आएं तो उनकी बातों को न्यायोचित ठहरा पाने की योग्यता रखता हो ।

आठवां : दूसरी पार्टियों में नाराज लतियाए, जुतियाए गए सदस्यों को तोड़ने , उनसे चंदा वसूल लेने, उनकी अंतरात्मा की आवाज की दुहाई देकर समय-समय पर उन्हें अपनी पार्टी में निरंतर जोड़ता रहे और उन्हें अध्यक्ष की अच्छाइयों व पार्टी की महानता के भ्रम में लपेटता रहे।

नौवां: अवसर मिलने पर भी पार्टी का प्रवक्ता रहने के दरमियान नियत दुरुस्त रखें और नाड़े का कच्चा ना हो ।

दसवां : पार्टी व पार्टी के सदस्यों के प्रति निष्ठावान रहे, जरूरत पड़ने पर दूसरी पार्टियों से पंगा लेने , बवाल करने और करवाने में अग्रणी रहे।

एक कथित राष्ट्रवादी पार्टी का ढोंग ऊंचाइयों पर पहुंचाने के अपने विनम्र प्रयास में शहर थाने का घेराव करने व थानेदार का कॉलर पकड़ने के अपराध में जमानत पर छूटे एक ऐसा कार्यकर्ता जिसकी जेल में उसकी अपनी पार्टी ने कोई खोज खबर न ली थी वह इस काम के माकुल पाया गया और पार्टी प्रवक्ता के पद पर चुन लिया गया।

फोडमैप डाइट : पेट की उलझनों से मुक्ति का वैज्ञानिक पोषण सूत्र

भूमिका

आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी, बदलती खान-पान की आदतें, तनाव, अनियमित दिनचर्या और जंक फूड के बढ़ते चलन ने पेट से जुड़ी समस्याओं को आम बना दिया है। गैस, अपच, पेट फूलना, कब्ज़, दस्त, एसिडिटी और बार-बार पेट दर्द जैसी समस्याएँ अब केवल बुज़ुर्गों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि युवा, कामकाजी महिलाएँ और यहाँ तक कि बच्चे भी इससे प्रभावित हो रहे हैं।

विशेष रूप से Irritable Bowel Syndrome (IBS) से पीड़ित लोगों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। ऐसे में आधुनिक पोषण विज्ञान ने एक प्रभावी आहार पद्धति विकसित की है जिसे FODMAP डाइट कहा जाता है। यह डाइट पाचन तंत्र को आराम देने, आंतों की संवेदनशीलता कम करने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में सहायक मानी जाती है।

- डॉ. सीमा कालरा

FODMAP क्या है?

FODMAP एक संक्षिप्त शब्द है, जो कुछ विशेष प्रकार के कार्बोहाइड्रेट्स को दर्शाता है।

FODMAP का पूरा नाम है:

F - Fermentable (किण्वनीय)
O - Oligosaccharides
D - Disaccharides
M - Monosaccharides
A - And
P - Polyols

ये सभी ऐसे शॉर्ट-चेन कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं जो छोटी आंत में ठीक से पच नहीं पाते और बड़ी आंत तक पहुँच जाते हैं, जहाँ ये बैक्टीरिया द्वारा किण्वित (Ferment) होते हैं। इस प्रक्रिया में गैस बनती है और पानी आंतों में खिंच जाता है, जिससे पेट से जुड़ी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।

ये च्युइंग गम, शुगर-फ्री मिठाइयों और कुछ फलों में पाए जाते हैं।

फोडमैप डाइट क्यों आवश्यक है?

जब ये कार्बोहाइड्रेट्स पच नहीं पाते, तोः

आंतों में अत्यधिक गैस बनती है
पेट फूलता है
दर्द और ऐंठन होती है
दस्त या कब्ज़ हो सकता है

IBS, IBD, फंक्शनल अपच और संवेदनशील आंत सिंड्रोम में FODMAP डाइट विशेष रूप से लाभकारी पाई गई है।

? FODMAP डाइट के चरण (Phases)

1. Elimination Phase (निष्कासन चरण)

इस चरण में 4-6 सप्ताह तक सभी High-FODMAP खाद्य पदार्थों को पूरी तरह हटा दिया जाता है।

उद्देश्य यह देखना होता है कि लक्षणों में कितनी राहत मिलती है।

2. Reintroduction Phase (पुनः परीक्षण चरण)

इस चरण में एक-एक करके अलग-अलग FODMAP समूहों को थोड़ी मात्रा में दोबारा शामिल किया जाता है, ताकि यह पहचाना जा सके कि कौन-सा तत्व समस्या पैदा कर रहा है

3.इस अंतिम चरण में व्यक्ति के लिए एक ऐसा संतुलित आहार तैयार किया जाता है, जिसमें केवल वही खाद्य पदार्थ हटाए जाते हैं जो वास्तव में समस्या पैदा करते हैं।

FODMAP के घटकों का विस्तृत विवरण

1. Oligosaccharides

इनमें मुख्य रूप से Fructans और Galacto-oligosaccharides (GOS) शामिल होते हैं।

ये गेहूँ, प्याज़, लहसुन, चना, राजमा, सोयाबीन आदि में पाए जाते हैं।

मानव शरीर में इन्हें पचाने के लिए आवश्यक एंज़ाइम नहीं होते।

2. Disaccharides

इस श्रेणी में मुख्य रूप से Lactose आता है।

दूध, दही, पनीर, आइसक्रीम आदि में पाया जाने वाला लैक्टोज कई लोगों में असहिष्णुता (Lactose Intolerance) पैदा करता है।

3. Monosaccharides

यहाँ बात होती है Fructose की, विशेषकर तब जब यह ग्लूकोज़ की तुलना में अधिक मात्रा में हो।

सेब, नाशपाती, आम, शहद, हाई-फ्रक्टोज कॉर्न सिरप इसके उदाहरण हैं।

4. Polyols

इन्हें Sugar Alcohols भी कहा जाता है, जैसे - Sorbitol, Mannitol।

'प्रत्येक नगरिको में हो देशप्रेम की भावना

पवन यादव

देश हमें एकता की भावना में जोडक़र रखता है। हम किसी भी राज्य में रहे। हम किसी भी धर्म समुदाय, समाज, वर्ग, वर्ण या जाति के क्यों न हो। पर हमें अपने देशभक्ति की भक्ति की भावना को हदय से लगा कर रखना चाहिए। देश हमें किसी से भेदभाव जात-पात, ऊंच-नीच एवं किसी भी प्रकार की असमानता का शिक्षा नहीं देता। बल्कि हमें एकता के सूत्र की भावनाओं में बांधकर रखता है। इसलिए हमें अपने देशप्रेम की भावना को हमेशा सहजकर रखना चाहिए। जय हिन्द, जय भारत।



बजट की बिरयानी पक रही है... खुशबू तो जबरदस्त है, देखते हैं जनता की प्लेट में कितनी बोटी आती है और कितना शोरबा! #Budget2026 #CommonMan

आज का इतिहास



पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपके व्यक्तित्व में निखार रहेगा लेकिन स्वभाव का जिद्दीपन अन्य लोगों विशेषकर परिजनों के लिये भारी पड़ेगा। जाने अनजाने में कोई अनैतिक कर्म करेंगे जिसे बाद में परिजनों को भुगतनाा पड़ेगा जिससे घर का शांत माहौल भी खराब होगा।

वृष: आज आप बीते कल की तुलना में कुछ संतोषि रहेंगे लेकिन महिलाा वर्ग इसके विपरीत अन्य लोगो से स्वयं एवं परिवार की तुलना करने पर कुछ समय के लिये उदास रहेंगी। दिन के पूर्वार्ध से मध्यान तक घरेलू कार्यो की व्यस्तता के चलते अन्य कार्यो में फेरबदल करनी पड़ेगी।

मिथुन: आज के दिन आपका व्यवहार ढुलमुल रहेगा मध्यान तक आप प्रत्येक कार्य मे आलस्य दिखाएंगे लेकिन बेमन से घरेलू कार्य करने ही पड़ेंगे।

कर्क: आज आप जिस भी कार्य को करना आरंभ करेंगे या करने का विचार करेंगे उसमे कोई ना कोई बिना मांगे अपनी राय देगा जिससे कुछ समय के लिये दुविधा में पड़ेंगे।

सिंह: आज के दिन आपको बैठे बिठाये आकस्मिक लाभ की प्राप्ति होगी चाहे किसी भी रूप में हो। दिन का पहला भाग धीमी दिनचर्या के कारण खराब होगा।

कन्या: आज का दिन आपके लिये आरामदायक रहेगा लेकिन आज बेतुकी बयानबाजी से बचना होगा अन्यथा बैठे बिठाये अपमानित हो सकते है। दिन का आरंभ में सुस्ती रहेगी लेकिन घर मे आवश्यक कार्य होने के कारण बेमन से काम करना पड़ेगा।

तुला: आज का दिन कुछ कार्यो को छोड़ व्यर्थ की भागदौड़ में बीतेगा घरेलू कार्यो को लेकर किसी से बहस होकर दिन का आरंभ होगा।

वृश्चिक: आज आप किसी भी कार्य को लेकर गंभीर नही रहेंगे दिन के आरंभ से ही आलस्य और सुस्ती बनी रहेगी मध्यान बाद किसी आवश्यक कार्य को लेकर पिता अथवा घर के अन्य सदस्य से कहासुनी हो सकती है।

धनु: आज परिस्थिति में थोड़ा सुधार अनुभव करेंगे लेकिन कामना पूर्ति में आज भी कोई न कोई अड़चन बनी रहेगी।

मकर: आज के दिन आप कोई नापसंद कार्य करने पर गुस्से में रहेंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण भी मिलते रहेंगे।

कुंभ: आज के दिन परिजनों का व्यवहार आपके स्वभाव पर निर्भर रहेगा इसलिये सनकी मिजाज त्याग मिलनसार बने अन्यथा आज सुख चैन से नही बैठ पाएंगे।

मीन: आज के दिन भी आप अपने ही स्वभाव के कारण घर मे अशांति का कारण बनेंगे। घर मे स्त्री वर्ग से सावधान रहें आपकी छोटी-छोटी बातों को भी बक्सने वाली नही।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) राष्ट्रीय मतदाता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

2) 40वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का फोकस देश हाल ही में किसे चुना गया है?

3) ग्रंथ कुटीर का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया है?

4) 16वीं शताब्दी की रेशमी वस्त्र कृति वृंदावनी वस्त्र मुख्य रूप से किस देवता की बाल लीलाओं और दिव्य कथाओं को दर्शाता है?

5) हाल ही में कौन सा भारतीय एनजीओ रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाला पहला भारतीय संगठन बना है?



उत्तरमाला- (1) 25 जनवरी (2) अर्जेंटीना (3) द्रौपदी मुर्मू (4) भगवान कृष्ण (5) फाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली (एजुकेट गर्ल्स)

कलिंगा विश्वविद्यालय के सहयोग से बनी हिंदी फीचर फिल्म अरण्य एन माही फिल्म्स ओटीटी ऐप पर होगी रिलीज

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय के फ़िल्म मेकिंग विभाग में निर्मित हिंदी फीचर फिल्म अरण्य÷का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस फिल्म के निर्माण में कलिंगा विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण और भरपूर योगदान रहा है। विश्वविद्यालय ने न केवल तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए, बल्कि शैक्षणिक मार्गदर्शन, प्रोडक्शन सपोर्ट और क्रिएटिव वातावरण प्रदान कर फिल्म को एक मजबूत स्वरूप दिया। फिल्म अरण्य को एन माही फ़िल्म्स प्रोडक्शन तथा नीरा एडुकॉम के बैनर तले तैयार किया गया है और यह 10 फरवरी को एन माही फ़िल्म्स ओटीटी ऐप पर रिलीज़ होने जा रही है। सामाजिक सरोकार से जुड़ी यह फिल्म जंगलों में विकास के नाम पर हो रहे अतिक्रमण, प्रशासनिक अनुमति के दुरुपयोग और आदिवासी समाज के विस्थापन जैसे गंभीर मुद्दों को संवेदनशीलता और यथार्थ के साथ प्रस्तुत करती है। फिल्म के निर्देशक नितेश झा ने बताया कि ÷यह फिल्म जंगल और आदिवासी समाज के उस संघर्ष को सामने लाती है, जिसे अक्सर विकास की चमक में नजरअंदाज कर दिया जाता है। प्रशासन द्वारा दी गई अनुमतियों का दुरुपयोग कर कुछ ठेकेदार किस तरह आदिवासियों की जल-जंगल-ज़मीन छीन लेते हैं और उनके जीवन पर इसका गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, यही इस फिल्म का मूल भाव है। छायांकन निर्देशक साहिल कुमार ने प्राकृतिक लोकेशनों पर फिल्म की सिनेमैटोग्राफी करते हुए जंगल की वास्तविक आत्मा को पर्दे पर उतारने का प्रयास किया है। फिल्म की कहानी नितेश झा, पटकथा गर्व शर्मा और संवाद अनिशा मोहंती द्वारा लिखे गए हैं, जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं। फिल्म में कलाकार और तकनीकी टीम अनिशा मोहंती, युवराज सिंह, आलोक मिश्रा, अभिषेक शर्मा, अनमोल पांडे, घर शर्मा, सुधांशु सिंह, नितेश झा, शुषांत शर्मा, गीता शर्मा, डॉ. संदीप गांधी, यशपाल बेसरा, यशु देवांगन, एरिक मलिक और अब्दुल मुनाफ प्रमुख भूमिकाओं में हैं। संगीत निर्देशक व गीतकार बबला बागची, आर्ट डायरेक्टर युवराज साहू, संपादन नितेश झा, सह-संपादन ईश मिश्रा, प्रोडक्शन मैनेजर सुधांशु सिंह, लाइन प्रोड्यूसर आलोक मिश्रा, कॉस्ट्यूम व मेकअप मुस्कान विश्वकर्मा द्वारा संभाला गया है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कलेक्टर ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया



रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर सहित जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने भी राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दीं। कार्यक्रम के दौरान गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रनिर्माण में उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, नवीन कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पीएम सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सीईओ ने की साप्ताहिक समीक्षा बैठक



रायपुर/नवप्रदेश। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सुचारु, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सीईओ बिश्वरंजन ने योजना की वर्तमान प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए बैंकों को आवेदन सोर्सिंग बढ़ाने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को बिना किसी अनावश्यक बाधा के समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी आवेदन को बिना ठोस कारण के अस्वीकृत न किया जाए, तथा यदि किसी कारणवश आवेदन निरस्त किया जाता है तो संबंधित आवेदक को अस्वीकृति का स्पष्ट कारण अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए।

छग सरकार की महतारी वंदन योजना के दो साल पूरे,आत्मनिर्भरता, सुरक्षा से आया बदलाव

❐ दो वर्षों की अवधि में आर्थिक रूप से अधिक मजबूत हुई महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना के दो साल हुए पूरेछत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना ने दो साल पूरे कर लिए हैं। आज यह योजना सिर्फ हर महीने मिलने वाली राशि तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए आत्मसम्मान, भरोसे और आत्मनिर्भरता का आधार बन चुकी है।

योजना की शुरुआत 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों पहली किस्त जारी होने के साथ हुई थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इसे पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ लागू किया, ताकि लाभ सीधे महिलाओं तक पहुंचे।मुख्यमंत्री ने 30 जनवरी को नारायणपुर जिले से महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त जारी की। इस दौरान 68 लाख 47 हजार 355 महिलाओं के बैंक खातों में 641 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के जरिए ट्रांसफर की गई।

नियमित आर्थिक मदद से से बढ़ी महिलाओं में आत्मविश्वास

अब तक योजना के तहत कुल 15 हजार 595 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि महिलाओं के खातों में पहुंच चुकी है। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि योजना कितने बड़े स्तर पर महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा से जुड़ चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की मजबूत नींव है। नियमित आर्थिक मदद से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे परिवार व समाज के फैसलों में खुलकर भागीदारी कर रही हैं। डीबीटी व्यवस्था के कारण दूर-दराज और नक्सल प्रभावित इलाकों तक भी लाभ बिना रुकावट पहुंच रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये सीधे बैंक खाते में मिल रहे हैं। इस छोटी लेकिन नियमित मदद ने महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी में बड़ा बदलाव किया है। घर की जरूरतें आसान हुई हैं, बचत की आदत बढ़ी है और आर्थिक फैसलों में उनकी भूमिका मजबूत हुई है। नियद नेल्ला नार योजना के जरिए अब तक 7,763 नई महिलाओं को इससे जोड़ा जा चुका है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह योजना छत्तीसगढ़ को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई पहचान दिला रही है।

लगातार सहयोग से महिलाएं खुद की बना रही पहचान

यह योजना मजदूर, छोटे किसान और सीमित आय वाले परिवारों के लिए भी सुरक्षा कवच साबित हो रही है। बच्चों की पढ़ाई, इलाज और अचानक आने वाले खर्चों की चिंता अब पहले जैसी नहीं रही। कई महिलाएं भविष्य के लिए बचत और योजनाएं बनाने लगी हैं। राज्य सरकार के सुरक्षा और विकास के साझा प्रयासों का असर यह है कि सुकमा, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में भी महतारी वंदन योजना प्रभावी ढंग से लागू हो रही है।

रियल एस्टेट सेक्टर को मिलेगी नई रफ्तार, बाजार में आएगी तेजी

राज्य के राजस्व में होगा उल्लेखनीय इज़ाफा : कैट

मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के प्रति कैट ने जताया आभार

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), छत्तीसगढ़ चैप्टर ने रायपुर एवं कोरबा जिले के लिए भूमि एवं आवासीय कॉलोनियों की कलेक्टर गाइडलाइन दरों को मंजूरी देने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे व्यापार, निवेश और राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए दूरदर्शी, संतुलित और अत्यंत सकारात्मक कदम बताया है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि दावा-आपत्तियों की विधिवत सुनवाई के पश्चात् लिया गया यह निर्णय लंबे समय से प्रतीक्षित था। इस फैसले से न केवल रियल एस्टेट सेक्टर को राहत मिलेगी, बल्कि जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े व्यापारी, निवेशक और आम नागरिक भी लाभान्वित होंगे।

डिप्टी सीएम शर्मा ने आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों से अस्पताल में की मुलाकात

❐ चिकित्सकों से उपचार की जानकारी लेकर परिजनों से की चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शनिवार शाम रायपुर के एक निजी अस्पताल पहुँचे, जहाँ उन्होंने बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत करेंगुट्टा पहाड़ी में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से घायलों के उपचार की स्थिति की जानकारी ली तथा जवानों के परिजनों से भी चर्चा की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने घायल जवानों से घटना की जानकारी ली और उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि शासन एवं प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित अधिकारियों एवं चिकित्सकों को निर्देश दिए कि जवानों के बेहतर एवं समुचित उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में तैनात हमारे जवान अत्यंत साहस और समर्पण के साथ देश-प्रदेश की सुरक्षा में लगे हैं, और उनका त्याग अतुलनीय है। ज्ञात हो कि बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत करेंगुट्टा पहाड़ी में 25 जनवरी को एक के बाद एक कुल छह आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट हुए थे। इन विस्फोटों की चपेट में आने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के 12 जवान घायल हो गए थे। यह घटना उस समय हुई, जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम तेलंगाना सीमा से लगे करेंगुट्टा हिल्स क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। घटना के बाद सभी घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया, जहाँ उनका उपचार एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। इनमें से 6 जवानों को उपचार उपरांत स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि शेष जवानों की स्थिति में भी लगातार सुधार हो रहा है।

महिला सेना पुलिस भर्ती रैली 23 फरवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सेना भर्ती कार्यालय, जबलपुर द्वारा महिला सेना पुलिस पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती रैली 23 फरवरी 2026 को पुलिस ग्राउंड झिंझरी, कटनी मध्यप्रदेश में आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों की चयनित महिला अभ्यर्थी भाग लेंगी। महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 के बीच ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम आयोजित किया गया था।

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत धान खरीदी की तिथी बढ़ाने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। मनरेगा बचाओ के तहत कांग्रेस ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉको में धरना प्रदर्शन किया तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश के अनेकों स्थानों पर सांकेतिक चक्का जाम किया। कांग्रेस की मांग है कि सरकार प्रदेश के सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदे। अभी भी प्रदेश के लाखों किसान अपना धान नहीं बेच पाये है। भाजपा सरकार किसानों से धोखा कर रही है। सरकार 1 माह तक धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी तिथि खत्म हो गयी है। अभी तक जिस प्रकार से धान खरीदी की गई है इससे स्पष्ट है कि अभी भी लाखों किसान धान नहीं बेच पाये है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होगा किसान कर्ज में आ जाएंगे और भाजपा की सरकार किसानों को आर्थिक रूप से तंगहाल करना चाहती है भाजपा सरकार चाहती है की किसान हताश और परेशान होकर अपनी उपज को औने पौने दाम पर बिचौलिया के पास बेच दे ताकि भाजपा सरकार किसानों को 3100 रु क्विंटल की दर से भुगतान करने से बचे। सरकार धान खरीदी की तिथि बढ़ाये।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना : दाम्पत्य जीवन से मिली समाज में सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना : सशक्त दाम्पत्य, आत्मनिर्भर जीवन और सम्मान की नई पहचान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संवेदनशील एवं दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहा है।

विशेष रूप से दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वास, आत्मनिर्भरता और मुख्यधारा में प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना आज जमीनी स्तर पर बदलाव की मजबूत मिसाल बन रही है। समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित यह योजना दिव्यांग दम्पत्तियों को विवाह के पश्चात् आर्थिक संबल प्रदान कर उनके दाम्पत्य जीवन को सुदृढ़ आधार दे रही है, साथ ही उन्हें आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दे रही है। इस योजना के अंतर्गत जिला गरियाबंद के छुरा विकासखंड स्थित ग्राम कुटेना, पोस्ट पाण्डुका निवासी कुलेश्वरी निषाद एवं उनके पति लकेश निषाद को लाभान्वित किया गया। कुलेश्वरी निषाद 45 प्रतिशत अस्थिबाधित तथा लकेश निषाद 40 प्रतिशत श्रवण बाधित हैं। योजना के प्रावधान अनुसार पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने की स्थिति में उन्हें एक लाख रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस सहायता से दम्पत्ति ने अपने दाम्पत्य जीवन को सशक्त बनाया और आज वे किसी पर निर्भर नहीं होकर आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। गरियाबंद जिला के ही विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम भाठीगढ़ निवासी 30 वर्षीय विजेश्वरी कोमर्रा, जो 65 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं एवं तहसील छुरा के ग्राम अमलोर निवासी 35 वर्षीय केशर कोमर्रा पति-पत्नि है। दम्पत्ति को योजना के तहत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई। स्वीकृत राशि ने दम्पत्ति को उनके दाम्पत्य जीवन को सुदृढ़ आधार देने में मदद की है।दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना छत्तीसगढ़ शासन की समावेशी, मानवीय और जनकल्याणकारी नीति का सशक्त उदाहरण है, जो दिव्यांग दम्पत्तियों के सपनों को नया आधार देकर उन्हें आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर कर रही है। इसी प्रकार, जिला बलौदाबाजार भाटापारा के ग्राम मिरगी निवासी टिकेश्वर साहू को भी इस योजना का लाभ मिला है। अस्थिबाधित दिव्यांगता के बावजूद साहू ने शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से स्वयं को सक्षम बनाया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में सम्मान के साथ स्थापित करना है। वहीं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का कहना है कि यह योजना दिव्यांगजनों के जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और स्वाभिमान का मजबूत आधार तैयार कर रही है।

विद्यार्थियों ने देखा लोकभवन, बच्चें मिले राज्यपाल से ,संग ली फोटो

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर लोकभवन की गतिविधियों से जनसामान्य, विशेषकर विद्यार्थियों को जोड़ने के उद्देश्य से लोकभवन का भ्रमण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर मठपारा के 50 छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ आज लोकभवन का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने लोकभवन परिसर स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम, उदंती परिसर, कन्हार परिसर, डिस्पेंसरी उद्यान तथा सचिवालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। बच्चों ने राज्यपाल से मुलाकात कर सामूहिक फोटोग्राफी कराई। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

Love is in the Air: रोज़ डे के साथ होगी वैलेंटाइन वीक की शुरुआत

महकती मोहब्बत की शुरुआत : एक गुलाब, हज़ार एहसास

कहते हैं कि दुनिया की सबसे खूबसूरत भाषा वो है जो बिना बोले ही सब कुछ कह दे। इसी अनकही भाषा का सबसे बड़ा उत्सव है— वैलेंटाइन वीक। गुलाब का हर रंग अपनी एक अलग कहानी कहता है। जहाँ लाल गुलाब गहरे और अटूट प्रेम का प्रतीक है, वहीं पीला गुलाब दोस्ती की गर्माहट समेटे होता है। गुलाबी गुलाब प्रशंसा और कृतज्ञता जताने का तरीका है, तो सफेद गुलाब नई शुरुआत और पवित्रता का संदेश देता है। 'रोज़ डे' हमें मौका देता है कि हम अपने दिल के करीब रहने वाले इंसान को यह बता सकें कि उनकी मौजूदगी हमारे जीवन में कितनी मायने रखती है। एक छोटा सा गुलाब का फूल उन दूरियों को मिटाने की ताकत रखता है जिन्हें शब्द नहीं भर पाते।

भक्त, कवि, साधक व संत रविदास

भारतीय संस्कृति में भगवान राम और कृष्ण की जयंती राम नवमी तथा कृष्ण अष्टमी के रूप में धूमधाम से मनाने की पावन परंपरा प्राचीन काल से चलती आ रही है। जन-जन को ईष्वरीय अनुकंपा का लाभ प्रदान करने के लिए हमारे ऋषियों की संस्कार प्रक्रिया के अंतगर्त उच्चस्तरीय सृजनात्मक कल्याणकारी यह खोज विधा के रूप में रही है। संत एवं भक्त कवि रविदास हिन्दी साहित्य के इतिहास में मध्यकाल, भक्तिकाल के नाम से प्रख्यात है, इस काल में अनेक संत एवं भक्त-कवि हुए, जिन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त अनेक कुरूतियों को समाप्त करने का प्रयास किया, इन महान संतों, कवियों की श्रेणी में संत रैदास का प्रमुख स्थान रहा है। संत रैदास कबीर के समसामयिक थे, संत कवि रविदास का जन्म वाराणसी के पास एक गॉव में सन 1398 में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। रविवार के दिन जन्म होने के कारण इनका नाम रविदास रखा गया, रविदास जी को रामानन्द का शिष्य माना जाता है। इस वर्ष 2026 में रविदास जयंती 1 फरवरी रविवार के दिन है। कुछ विद्वान काषी में जन्मे रैदास का समय 1482-1527 ई. के बीच मानते हैं तो कुछ के अनुसार रैदास का जन्म काषी में 1398 में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ माना जाता है। संत कवि रविदास जी का जन्म चर्मकार कुल में हुआ था। इनके पिता का नाम 'रघु' और माता का नाम 'घुरविनिया' था। चर्मकार का काम उनका पैतृक व्यवसाय था और उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार किया। अपने कार्य को यह बहुत लगन और मेहनत से किया करते थे। उनकी समयानुपालन की प्रवृति तथा मधुर व्यवहार के कारण लोग इनसे बहुत प्रसन्न रहते थे। उन्होंने जाति, वर्ग



एवं धर्म के मध्य की दूरियों को मिटाने और उन्हें कम करने का भरसक प्रयत्न किया। रविदास जी भक्त, साधक और कवि थे। उनके पदों में प्रभु भक्ति भावना, ध्यान-साधना तथा आत्म-निवेदन की भावना प्रमुख रूप में देखी जा सकती है। रैदास जी ने भक्ति के मार्ग को अपनाया था। सत्संग द्वारा इन्होंने अपने विचारों को जनता के मध्य पहुंचाया तथा अपने ज्ञान तथा उच्च विचारों से समाज को लाभान्वित किया। प्रभुजी तुम चंदन हम पानी। जाकी अंग अंग वास समानी।। प्रभुजी तुम धनबन हम मोरा। जैसे चितवत चन्द्र चकोरा।। प्रभुजी तुम दीपक हम बाती। जाकी जोति बरै दिन राती।। प्रभुजी तुम मोती हम धागा। जैसे सोनहि मिलत सुहागा।। प्रभुजी तुम स्वामी हम दासा। ऐसी भक्ति करै रैदासा।। उपर्युक्त पद में रविदास ने अपनी कल्पनाषीलता, आध्यात्मिक षक्ति तथा अपने चिंतन को सहज एवं सरल भाषा में व्यक्त करते हैं। संत रैदास के सहज-सरल भाषा में कहे गये इन उच्च भावों को समझना आमजन के लिए बहुत आसान रहा है। उनके जीवन की घटनाओं से उनके गुणों का ज्ञान होता है। एक घटना के अनुसार गंगा स्नान के लिए रैदास के षिष्यों में से उनसे भी चलने का आग्रह किया तो वे बोले-गंगा स्नान के लिए मैं अवष्य जाता, परंतु मैंने किसी को आज ही जूते बनाकर देने का वचन दिया है और अगर मैं जूते नहीं दे सका तो वचन भंग होता है। अतः मन सही है तो कठौती के जल में ही गंगा स्नान का पुण्य प्राप्त हो सकता है। कहा जाता है कि इस प्रकार के व्यवहार के बाद से ही कहावत प्रचलित हो गयी कि-मन चंगा तो कठौती में गंगा। रविदास जी की भक्ति गीतों एवं दोहों में भारतीय समाज में समरसता एवं प्रेम-भाव उत्पन्न करने का प्रयास किया है। हिन्दू और मुसलिम में सौहार्द एवं सहिष्णुता उत्पन्न करने हेतु रविदास जी ने अथक प्रयास किए थे और इस तथ्य का प्रमाण उनके गीतों में देखा जा सकता है। वह कहते हैं कि तीर्थ यात्राएं न भी करो तो भी ईष्वर को अपने हृदय में वह पा सकते हैं। का मुथरा का द्वारिका का काषी हरिद्वार। रैदास खोजा दिल आपना तह मिलिया दिलदार।। मन चंगा तो कठौती में गंगा कहते हुए उन्होंने मन की षुद्धता पर विषेष रूप से जोर दिया। रविदास राम और कृष्ण भक्त परम्परा के कवि और संत माने जाते हैं। उनके प्रसिद्ध दोहे आज भी समाज में प्रचलित हैं। जिन पर कई भजन बने हैं, संत रविदास जयंती देष भर में उत्साह एवं धूम-धाम के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर षोभा यात्रा निकाली जाती है तथा षोभायात्रा में बैंड-बाजों के साथ भव्य झांकियां भी देखने को मिलती हैं। इसके अतिरिक्त रविदास जी के महत्व एवं उनके विचारों पर गोष्ठी और सतसंग का आयोजन भी होता है। सभी लोग रविदास जी की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।



मुकेष ऋषि

व्यंग्य रचना : चाहिए एक पार्टी प्रवक्ता

डॉ किशोर अग्रवाल

बरसों राजनीति में जूते घिसते घिसते नेता छदामी लाल को जब किसी भी पार्टी ने घास नहीं डाली तो उन्होंने खुद की एक पार्टी बना डाली। पार्टी का नाम रखा कुशासन उखाड़ू पार्टी जो "कूपा" के नाम से चल निकली । छदामी वर्षों से जनता में सक्रिय थे लोग उन्हें ही जानते थे । उत्साह वर्धन के कारण छदामी को लगा कि वह प्रांतीय स्तर की जरूरी चीज हो गए हैं । दो-तीन बार स्थानीय टीवी चैनल वालों ने उनके और उनकी पार्टी के उद्देश्यों पर बाइट्स ले लिए तो किसी ने सुझाया कि पार्टी प्रमुख होने के नाते आपका सीधे बोलना सस्ता लगता है, रैपर लगा हुआ माल महंगा बिकता है, अच्छा हो कि आपके विचार कोई और कहे। तब उन्हें पार्टी प्रवक्ता की जरूरत महसूस हुई । ग्राउंड जीरो से जुड़े किसी योग्य व्यक्ति की तलाश में उन्होंने अनेक पार्टी प्रवक्ताओं के प्रसारण, उनके डिबेट और मंच पर जिरह सुनकर एक प्रवक्ता चुनने की जिम्मेदारी अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को दी ।

अनेक पार्टियों से जुतियाए गए ,खुद के लालच में पार्टी छोड़कर आए हुए , या कहीं भी धेले भर के भी काम से नाकारा और निकम्मे लोगों का जमावड़ा था कूपा में । पार्टी प्रवक्ता में किस तरह की योग्यता हो , जिससे पार्टी का प्रचार प्रसार हो और धाक जमे इस विषय में अनेक सुझाव इन निकम्मों की तरफसे प्राप्त हुए । इन सुझावों के आधार पर पार्टी प्रवक्ता की कसौटी तय की गई ।

पहला: किसी भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत करने में माहिर हो और झूठ पकड़ा भी जाए तो बेशर्मी से अपनी बात पर डांटे रहने का माद्दा रखता हो।

दूसरा: बिना जाने बूझे किसी भी विषय पर कुछ भी बोल लेने की क्षमता हो ।

तीसराः मौका पाने पर कुत्ते सा भौंक सकता हो और उल्टी स्थिति पड़ने पर मिमियाना जानता हो ।

चौथा : शक्ल ऐसी बना कर रखें कि अन्य पार्टी के लोग अपनी बात कहने के पहले उसकी शक्ल देखकर लड़खड़ा जावें और मुद्दे की बात से भटक जावें।

पांचवां : खुद को बोलने के लिए मिले समय से अधिक बोलता हो और माइक बंद कर दिए जाने पर भी बोलता हुआ दिखे ताकि मैसेज जाए की एंकर ने जानबूझकर बोलने नहीं दिया ।

छटवां: दूसरे लोग अपनी बात के समर्थन में या कूपा के कार्यकलापों के विरुद्ध कितनी भी सटीकता व तर्क से अपनी बात रखें , उस बात का कोई नोटिस ना ले और अपने कुतर्क दृढ़ता से कहने का अच्छा अभ्यास हो।

सातवां : पार्टी अध्यक्ष या पार्टी कार्यकर्ता किसी मंच पर कोई उल्टी सीधी बात हांक आएं तो उनकी बातों को न्यायोचित ठहरा पाने की योग्यता रखता हो ।

आठवां : दूसरी पार्टियों में नाराज लतियाए, जुतियाए गए सदस्यों को तोड़ने , उनसे चंदा वसूल लेने, उनकी अंतरात्मा की आवाज की दुहाई देकर समय-समय पर उन्हें अपनी पार्टी में निरंतर जोड़ता रहे और उन्हें अध्यक्ष की अच्छाइयों व पार्टी की महानता के भ्रम में लपेटता रहे।

नौवां: अवसर मिलने पर भी पार्टी का प्रवक्ता रहने के दरमियान नियत दुरुस्त रखें और नाड़े का कच्चा ना हो ।

दसवां : पार्टी व पार्टी के सदस्यों के प्रति निष्ठावान रहे, जरूरत पड़ने पर दूसरी पार्टियों से पंगा लेने , बवाल करने और करवाने में अग्रणी रहे।

एक कथित राष्ट्रवादी पार्टी का ढोंग ऊंचाइयों पर पहुंचाने के अपने विनम्र प्रयास में शहर थाने का घेराव करने व थानेदार का कॉलर पकड़ने के अपराध में जमानत पर छूटे एक ऐसा कार्यकर्ता जिसकी जेल में उसकी अपनी पार्टी ने कोई खोज खबर न ली थी वह इस काम के माकुल पाया गया और पार्टी प्रवक्ता के पद पर चुन लिया गया।

फोडमैप डाइट : पेट की उलझनों से मुक्ति का वैज्ञानिक पोषण सूत्र

भूमिका

आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी, बदलती खान-पान की आदतें, तनाव, अनियमित दिनचर्या और जंक फूड के बढ़ते चलन ने पेट से जुड़ी समस्याओं को आम बना दिया है। गैस, अपच, पेट फूलना, कब्ज़, दस्त, एसिडिटी और बार-बार पेट दर्द जैसी समस्याएँ अब केवल बुज़ुर्गों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि युवा, कामकाजी महिलाएँ और यहाँ तक कि बच्चे भी इससे प्रभावित हो रहे हैं।

विशेष रूप से Irritable Bowel Syndrome (IBS) से पीड़ित लोगों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। ऐसे में आधुनिक पोषण विज्ञान ने एक प्रभावी आहार पद्धति विकसित की है जिसे FODMAP डाइट कहा जाता है। यह डाइट पाचन तंत्र को आराम देने, आंतों की संवेदनशीलता कम करने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में सहायक मानी जाती है।

- डॉ. सीमा कालरा

FODMAP क्या है?

FODMAP एक संक्षिप्त शब्द है, जो कुछ विशेष प्रकार के कार्बोहाइड्रेट्स को दर्शाता है।

FODMAP का पूरा नाम हैः

F - Fermentable (किण्वनीय)
O - Oligosaccharides
D - Disaccharides
M - Monosaccharides
A - And
P - Polyols

ये सभी ऐसे शॉर्ट-चेन कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं जो छोटी आंत में ठीक से पच नहीं पाते और बड़ी आंत तक पहुँच जाते हैं, जहाँ ये बैक्टीरिया द्वारा किण्वित (Ferment) होते हैं। इस प्रक्रिया में गैस बनती है और पानी आंतों में खिंच जाता है, जिससे पेट से जुड़ी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।

ये च्युइंग गम, शुगर-फ्री मिठाइयों और कुछ फलों में पाए जाते हैं।

फोडमैप डाइट क्यों आवश्यक है?

जब ये कार्बोहाइड्रेट्स पच नहीं पाते, तोः

आंतों में अत्यधिक गैस बनती है
पेट फूलता है
दर्द और ऐंठन होती है
दस्त या कब्ज़ हो सकता है

IBS, IBD, फंक्शनल अपच और संवेदनशील आंत सिंड्रोम में FODMAP डाइट विशेष रूप से लाभकारी पाई गई है।

? FODMAP डाइट के चरण (Phases)

1. Elimination Phase (निष्कासन चरण)

इस चरण में 4-6 सप्ताह तक सभी High-FODMAP खाद्य पदार्थों को पूरी तरह हटा दिया जाता है।

उद्देश्य यह देखना होता है कि लक्षणों में कितनी राहत मिलती है।

2. Reintroduction Phase (पुनः परीक्षण चरण)

इस चरण में एक-एक करके अलग-अलग FODMAP समूहों को थोड़ी मात्रा में दोबारा शामिल किया जाता है, ताकि यह पहचाना जा सके कि कौन-सा तत्व समस्या पैदा कर रहा है

3.इस अंतिम चरण में व्यक्ति के लिए एक ऐसा संतुलित आहार तैयार किया जाता है, जिसमें केवल वही खाद्य पदार्थ हटाए जाते हैं जो वास्तव में समस्या पैदा करते हैं।

FODMAP के घटकों का विस्तृत विवरण

1. Oligosaccharides

इनमें मुख्य रूप से Fructans और Galacto-oligosaccharides (GOS) शामिल होते हैं।

ये गेहूँ, प्याज़, लहसुन, चना, राजमा, सोयाबीन आदि में पाए जाते हैं।

मानव शरीर में इन्हें पचाने के लिए आवश्यक एंज़ाइम नहीं होते।

2. Disaccharides

इस श्रेणी में मुख्य रूप से Lactose आता है।

दूध, दही, पनीर, आइसक्रीम आदि में पाया जाने वाला लैक्टोज कई लोगों में असहिष्णुता (Lactose Intolerance) पैदा करता है।

3. Monosaccharides

यहाँ बात होती है Fructose की, विशेषकर तब जब यह ग्लूकोज़ की तुलना में अधिक मात्रा में हो।

सेब, नाशपाती, आम, शहद, हाई-फ्रक्टोज कॉर्न सिरप इसके उदाहरण हैं।

4. Polyols

इन्हें Sugar Alcohols भी कहा जाता है, जैसे - Sorbitol, Mannitol।

'प्रत्येक नगरिको में हो देशप्रेम की भावना

पवन यादव

देश हमें एकता की भावना में जोडक़र रखता है। हम किसी भी राज्य में रहे। हम किसी भी धर्म समुदाय, समाज, वर्ग, वर्ण या जाति के क्यों न हो। पर हमें अपने देशभक्ति की भक्ति की भावना को हदय से लगा कर रखना चाहिए। देश हमें किसी से भेदभाव जात-पात, ऊंच-नीच एवं किसी भी प्रकार की असमानता का शिक्षा नहीं देता। बल्कि हमें एकता के सूत्र की भावनाओं में बांधकर रखता है। इसलिए हमें अपने देशप्रेम की भावना को हमेशा सहजकर रखना चाहिए। जय हिन्द, जय भारत।



बजट की बिरयानी पक रही है... खुशबू तो जबरदस्त है, देखते हैं जनता की प्लेट में कितनी बोटी आती है और कितना शोरबा! #Budget2026 #CommonMan

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपके व्यक्तित्व में निखार रहेगा लेकिन स्वभाव का जिद्दीपन अन्य लोगों विशेषकर परिजनों के लिये भारी पड़ेगा। जाने अनजाने में कोई अनैतिक कर्म करेंगे जिसे बाद में परिजनों को भुगतनाा पड़ेगा जिससे घर का शांत माहौल भी खराब होगा।

वृष: आज आप बीते कल की तुलना में कुछ संतोषि रहेंगे लेकिन महिलाा वर्ग इसके विपरीत अन्य लोगो से स्वयं एवं परिवार की तुलना करने पर कुछ समय के लिये उदास रहेंगी। दिन के पूर्वार्ध से मध्यान तक घरेलू कार्यो की व्यस्तता के चलते अन्य कार्यो में फेरबदल करनी पड़ेगी।

मिथुन: आज के दिन आपका व्यवहार ढुलमुल रहेगा मध्यान तक आप प्रत्येक कार्य मे आलस्य दिखाएंगे लेकिन बेमन से घरेलू कार्य करने ही पड़ेंगे।

कर्क: आज आप जिस भी कार्य को करना आरंभ करेंगे या करने का विचार करेंगे उसमे कोई ना कोई बिना मांगे अपनी राय देगा जिससे कुछ समय के लिये दुविधा में पड़ेंगे।

सिंह: आज के दिन आपको बैठे बिठाये आकस्मिक लाभ की प्राप्ति होगी चाहे किसी भी रूप में हो। दिन का पहला भाग धीमी दिनचर्या के कारण खराब होगा।

कन्या: आज का दिन आपके लिये आरामदायक रहेगा लेकिन आज बेतुकी बयानबाजी से बचना होगा अन्यथा बैठे बिठाये अपमानित हो सकते है। दिन का आरंभ में सुस्ती रहेगी लेकिन घर मे आवश्यक कार्य होने के कारण बेमन से काम करना पड़ेगा।

तुला: आज का दिन कुछ कार्यो को छोड़ व्यर्थ की भागदौड़ में बीतेगा घरेलू कार्यो को लेकर किसी से बहस होकर दिन का आरंभ होगा।

वृश्चिक: आज आप किसी भी कार्य को लेकर गंभीर नही रहेंगे दिन के आरंभ से ही आलस्य और सुस्ती बनी रहेगी मध्यान बाद किसी आवश्यक कार्य को लेकर पिता अथवा घर के अन्य सदस्य से कहासुनी हो सकती है।

धनु: आज परिस्थिति में थोड़ा सुधार अनुभव करेंगे लेकिन कामना पूर्ति में आज भी कोई न कोई अड़चन बनी रहेगी।

मकर: आज के दिन आप कोई नापसंद कार्य करने पर गुस्से में रहेंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण भी मिलते रहेंगे।

कुंभ: आज के दिन परिजनों का व्यवहार आपके स्वभाव पर निर्भर रहेगा इसलिये सनकी मिजाज त्याग मिलनसार बने अन्यथा आज सुख चैन से नही बैठ पाएंगे।

मीन: आज के दिन भी आप अपने ही स्वभाव के कारण घर मे अशांति का कारण बनेंगे। घर मे स्त्री वर्ग से सावधान रहें आपकी छोटी-छोटी बातों को भी बक्सने वाली नही।

QUIZ TIME

1) राष्ट्रीय मतदाता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

2) 40वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का फोकस देश हाल ही में किसे चुना गया है?

3) ग्रंथ कुटीर का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया है?

4) 16वीं शताब्दी की रेशमी वस्त्र कृति वृंदावनी वस्त्र मुख्य रूप से किस देवता की बाल लीलाओं और दिव्य कथाओं को दर्शाता है?

5) हाल ही में कौन सा भारतीय एनजीओ रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाला पहला भारतीय संगठन बना है?

Ramaquiz



उत्तरमाला- (1) 25 जनवरी (2) अर्जेंटीना (3) द्रौपदी मुर्मू (4) भगवान कृष्ण (5) फाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली (एजुकेट गर्ल्स)

न्यूज गैलरी

छात्राओं को दी गई स्वास्थ्य व अधिकारों की जानकारी



एमसीबी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महिला सशक्तिकरण (हब) द्वारा आयोजित 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का समापन शहीद दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय हाईस्कूल पिपरिया, विकासखंड मनेंद्रगढ़ में किया गया। यह अभियान 16 जनवरी से 30 जनवरी तक संचालित किया गया, जो कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विशेष रूप से एनीमिया विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को एनीमिया के कारण, लक्षण, रोकथाम के उपाय, आयरन युक्त संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला सशक्तिकरण इकाई तथा सखी वन स्टॉप सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर कन्या भ्रूण हत्या निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, गुड टच-बैड टच, सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं सहित महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति सजग कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना रहा।

लखनपुर के ईदगाह में प्रोग्राम जलसा-ए-दस्तारबंदी मुकम्मल

लखनपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत लखनपुर स्थित ईदगाह में नमाज़-ए-ईशा के बाद जलसा-ए-दस्तारबंदी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदरसा फैज़ाने औलिया से तालिम प्राप्त कर पाँच बच्चों ने हिफ़्ज़-ए-क़ुरआन मुकम्मल किया, जिनकी दस्तारबंदी कर उन्हें सनद, फूल व गुलदस्ता पेश कर सम्मानित एवं हौसला-अफज़ाई की गई। हाफ़िज़ बनने वाले बच्चों में हाफ़िज़ मोहम्मद फैज़ान रज़ा, मोहम्मद अंजर रज़ा, मोहम्मद शेर हसन, सोएब आलम और इसरार अंसारी शामिल हैं। जलसा-ऐ-सरपरस्ती पीर-ए-तरीक़त फैज़ाने हुज़ूर, हाफ़िज़-ए-मिल्लत हुज़ूर, नसीर-ए-मिल्लत, उस्तादुल उलमा हज़रत अल्लामा मौलाना मोहम्मद नसीरुद्दीन साहब क़िबला (उत्तर प्रदेश) ने फ़रमाई। जलसे में विशेष वक्ता के रूप मेंहज़रत अल्लामा मौलाना नुमान अख्तर फ़ायक़ुल जमाली (नवादा, बिहार) मौजूद रहे।

किसानों की समस्याओं को लेकर केल्हारी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण के नेतृत्व में किया धरना प्रदर्शन

केल्हारी में कांग्रेस का विरोध, धान खरीदी व मनरेगा को लेकर उठी आवाज

एमसीबी/केल्हारी/नवप्रदेश। किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर केल्हारी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित कर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने, प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी सुनिश्चित करने तथा जिन किसानों को अब तक टोकन नहीं मिला है उन्हें तत्काल टोकन जारी करने की मांग उठाई गई। साथ ही मनरेगा योजना को यथावत रखने एवं इसे कमजोर करने के प्रयासों का विरोध किया गया। धरना स्थल पर आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में किसान अब भी धान बेचने से वंचित हैं। टोकन की कमी, सीमित समय-सीमा और अव्यवस्थित खरीदी प्रक्रिया के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई किसानों की उपज 21 क्विंटल प्रति एकड़ से अधिक होने के बावजूद पूरी खरीदी नहीं हो पा रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष रामनरेश पटेल ने कहा कि सरकार तत्काल खरीदी अवधि बढ़ाए और किसानों का एक-एक दाना धान खरीदे। मनरेगा को ग्रामीण गरीबों, मजदूरों व महिलाओं की जीवनरेखा बताते हुए उन्होंने कहा

कि कांग्रेस इसे कमजोर नहीं होने देगी। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह ने भी सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताया। धरना के दौरान 'धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाओ', '21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी लागू करो', 'मनरेगा बचाओ' जैसे नारों से क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

लखनपुर क्षेत्र में दिनदहाड़े अवैध कोयला उत्खनन, नदी किनारे खड्डे खोदकर बाइक से हो रही तस्करी

अवैध कोयले से जल रहे ईंट भट्टे, कोल माफिया बेखौफ, खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग मौन

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर क्षेत्र अमेरा खुली खदान से सम्बंध गुमगरा कला खाल कछार घुनघुटटा नदी तराई क्षेत्र में खुलेआम अवैध खड्डा खोदकर कोयले का उत्खनन व परिवहन किये जाने का खुला खेल चल रहा है। कोयला तस्करों के हौसले इतने बुलंद है की दिनदहाड़े घुनघुट्टा नदी किनारे अवैध खड्डा खोदकर अंदर से कोयला निकाल मजदूरों के माध्यम से नदी के दूसरे छोर पर कोयला एकत्रित कर बाइक और चार पहिया के माध्यम से कोयला तस्करी कर रहे है।

इन नाजायज़ कोयलों को ईट भट्ठों में पहुंचाकर मोटी कमाई की जा रही है।कोल माफिया आसपास के,ग्रामीणों को लगाकर लगातार अवैध कोयला उत्खनन करवा रहे है। लखनपुर थाना क्षेत्र के गुमगरा खालकछार, में अवैध कोयला उत्खनन किये जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।लखनपुर क्षेत्र कोयले का अवैध उत्खनन एवं

परिवहन करने के लिए हमेशा से बदनाम रहा है। कोयला तस्कर आसानी से कोयला तस्करी कर चिमनी और गमला भट्ठों मे खपा रहे है। प्रदेश में सरकार किसी की भी हो कुछ सफेदपोश नेताओं का इन कोयला तस्करों को संरक्षण प्राप्त है। लखनपुर क्षेत्र के गुमगराकला खाल कछार , अमेरा खुली खदान के इर्द-गिर्द में अवैध कोयला उत्खनन किये जाने काफी क्षेत्र मौजूद है। इसके पांच किलोमीटर क्षेत्रफल के दायरे में पांच से छह चिमनी भट्ठा तथा दर्जनों गमला ईट भट्ठा अवैध रूप संचालित किये जा रहे है जिसमें मुख्य रुप से सुरजपुर जिला से लगे नजदीकी ग्राम नेवारडाड, कन्दरई, जमदई,तथा अंबिकापुर गाँधीनगर थाना अंतर्गत रनपुर कला ,सुखरी,सपना, लखनपुर थाना क्षेत्र के गुमगराकला ,गणेशपुर, बिनकरा, कोरजा ,कटकोना , दरिमा थाना क्षेत्र में जमगवां, कुसु, तुनगुरी, तुरना, सिंगीटाना, अमलभिठ्ठी सहित आसपास के दर्जनों गांव में अवैध गमला ईटा भट्ठा संचालित है। कोल माफियाओं द्वारा बाइकर्स गैंग की मदद से चोरी का कोयला खपाया जा रहा है।कोयला तस्कर भारी मात्रा में अवैध कोयला उत्खनन कर बड़े पैमाने पर इन ईट भट्ठो में खपाने के साथ मोटी कमाई कर रहे हैं खनिज ,राजस्व, पुलिस विभाग अपनी-अपनी सेटिंग कर मौन सहमति बनाये हुये हैं। कोल माफियाओं द्वारा कोयला तस्करी करने का तरीका बदल दिया गया है।

कोयला तस्करों द्वारा अवैध कोयला उत्खनन क्षेत्र के लगे सूरजपुर क्षेत्र के जमदई , कनदरई, रानपुर कला सपना सुखरी, लखनपुर, दरिमा क्षेत्रों में मोटरसाइकिल से अवैध कोयला ढुलाई की जा रही है जिस पर खनिज विभाग राजस्व विभाग चुप्पी साधे हुए हैं तमाशाई बन तमाशा देख रही है। गुमगरा कला खाल कछार अमेरा खदान नदी किनारे कई वर्षो से अवैध खड्डे खोदकर कोयला का उत्खनन किया जाता रहा है।लेकिन प्रशासन इन पर कोई ठोस कार्यवाही करने में नाकाम रही है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) वंश सिंह नेताम, तहसीलदार अंकिता पटेल , सहायक खनिज अधिकारी नेहा टंडन को फोन लगाया गया परंतु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किये जाने की स्थिति में उनकी पक्ष नहीं रखी जा सकी।

दुर्लभ पक्षियों के रेस्क्यू पर भड़के लोग देवस्थल में वापस छोड़ने की मांग



लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्रापं बेलदगी अहीरपारा में इन दिनों आस्था जिज्ञासा और रहस्य का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। दरअसल बेलदगी गांव के अहीरपारा स्थित देव स्थल के समीप पुराने सुखे सेमर पेड़ के खोह में 25 जनवरी को सफेद रंग के तीन अजीब पक्षी देखे जाने के बाद बेलदगी सहित आसपास गांव के लोग उन दुर्लभ प्रजाति की परिंदों के दर्शन पूजन करने लगे।

अद्भुत तीनों पक्षियो को ग्रामीण पौराणिक (उल्लू पक्षी) गरुड़ प्रजाति के रूप में देख रहे हैं। तथा सेवा सुश्रुवा करने संकल्पित है। वन विभाग को जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारियों के हिदायत पर वन अमला बेलदगी गांव पहुंची और तीनों पक्षियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर संजय पार्क अम्बिकापुर में छोड़ दिया है। तीनों दुर्लभ पक्षी ग्रामीणो के आस्था के केन्द्र बन गये हैं।

विशेष लगाव है।आसपास के ग्रामीण उन परिंदों के पूजा अर्चना करने शुरू कर दिये थे।वन कर्मियों द्वारा पक्षियों को पार्क ले जाने के बाद से आस्था को ठेस पहुंचाने जैसी बात को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है गांव के आस्थावान नाराज लोग 30 जनवरी दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के नीज निवास लखनपुर पहुंचे उनके नहीं मिलने की स्थिति में उनके बड़े भाई जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल से दुर्लभ परिंदों के संबंध में चर्चा करते हुए तीनों पक्षी को वापस देवस्थल में लाकर छोड़ने की मांग किये ।

आरोपियों की पहचान में सीसीटीवी की अहम भूमिका, नागरिक सहयोग जरूरी : एसएसपी

घरघोड़ा/नवप्रदेश। घरघोड़ा थाना पुलिस ने नवापारा क्षेत्र से हुई ट्रेक्टर चोरी की सनसनीखेज घटना का खुलासा करते हुए त्वरित कार्रवाई के तहत महज 24 घंटे के भीतर चोरी गया ट्रेक्टर बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जनवरी को ट्रेक्टर मालिक संजय सिन्हा पिता स्वर्गीय भागवत प्रसाद सिन्हा (58 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 06 नवापारा ने थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 27 और 28 जनवरी की दरम्यानी रात उनके घर के सामने खड़ा ट्रेक्टर वाहन क्रमांक सीजी-13-एए-2313 इंजन और ट्रॉली सहित अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के

क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें चार संदिग्ध युवक नजर आए। इनके हुलिए के आधार पर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक स्थानीय ढाबा के पास ट्रॉली बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर रामप्रसाद सारथी निवासी ग्राम तरेकेला थाना छाल (हाल मुकाम ग्राम नकना, धरमजयगढ़) को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथियों मिथलेष सारथी, योगेश कुमार धनवार और नरेश कुमार पटैल के साथ मिलकर पल्सर बाइक से ट्रेक्टर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने छाल रोड स्थित ग्राम बैहामुड़ा कटंगनारा-कोसाबाड़ी के पास से चोरी गया ट्रेक्टर इंजन व ट्रॉली (कीमत लगभग 9 लाख रुपये) तथा चोरी में प्रयुक्त बिना नंबर की पल्सर बाइक (कीमत लगभग 1.30 लाख रुपये) बरामद की। कुल जब्त संपत्ति की कीमत लगभग 10 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार गौरव साहू, प्रधान आरक्षक अरविंद पटनायक, आरक्षक हरिश पटेल, उद्यो पटेल तथा स्थानीय युवक कालिया गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जिले में 3.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की हुई खरीदी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सरगुजा जिले में धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संचालित किया जा रहा है। समाचार-पत्र में प्रकाशित समाचार के संदर्भ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए जिला खाद्य अधिकारी ने बताया है कि जिले में धान बेचने वाले किसानों की संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले संतोषजनक है और अब तक 96.26 प्रतिशत किसान अपनी उपज बेच चुके हैं।जिला खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 60,832 किसान पंजीकृत हैं।

खड़गवां में सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का खंडस्तरीय शुभारंभ

एमसीबी/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सरगुजा ओलंपिक 2025-26 प्रतियोगिता श्रृंखला के अंतर्गत खड़गवां विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मिनी स्टेडियम खड़गवां में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य युगान्तर श्रीवास्तव, सरपंच सुखीतलाल अगरिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनंजय पाण्डेय सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल एवं राजकीय गीत के माध्यम से खिलाड़ियों में

उत्साह का संचार किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में सरगुजा ओलंपिक को ग्रामीण खेल प्रतिभाओं के लिए बड़ा मंच बताते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ उन्हें राज्य स्तर तक पहुंचने का अवसर देती हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, फुटबॉल, रस्साकस्सी, बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों में रोमांचक मुकाबले हुए, जिनमें बालक-बालिका, जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न ग्रामों व टीमों के खिलाड़ियों ने विजेता एवं उपविजेता स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को शील्ड व सम्मान प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर अभ्यास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

धान खरीदी के अंतिम चरण में बड़ी कार्रवाई, राइस मिल सील

सक्ती/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष के अंतर्गत धान खरीदी के अंतिम चरण में जिला प्रशासन द्वारा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के स्पष्ट एवं सख्त निर्देशन में जिलेभर में सतत निरीक्षण एवं कठोर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में विगत दिवस विकासखंड जैजैपुर अंतर्गत ग्राम ठठारी स्थित चतुर्भुज राइस मिल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिल में 1147 कट्टा (बोरी) धान कम पाया गया, जिसे

गंभीर अनियमितता की श्रेणी में माना गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राइस मिल में उपलब्ध 46,161 कट्टा धान एवं 903 कट्टा चावल को जब्ती-सुपुर्दगी में लिया तथा संबंधित राइस मिल को सील कर दिया गया। कलेक्टर तोपनो ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, गड़बड़ी अथवा अवैध गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं किसान हितैषी बनाए रखने के लिए सख्त कार्यवाही की जा रही है।

वार्षिक सम्मेलन

माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक सम्मेलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

शिक्षा के साथ संस्कार और कौशल का समन्वय जरूरी: उप-मुख्यमंत्री साव

मुंगेली/नवप्रदेश। माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक सम्मेलन समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा। कार्यक्रम का उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला सीईओ उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। वार्षिक सम्मेलन में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों



की आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने शास्त्रीय, लोक एवं आधुनिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कम समय में कठिन गणनाएं कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि ऐसे विद्यालय समाज को नई दिशा देते हैं, जहां शिक्षा के साथ संस्कार और कौशल का समन्वय किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बच्चों को अनुशासन, परिश्रम एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का महत्व बताया, जबकि जिला सीओ प्रभाकर पाण्डेय ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

10 फरवरी को जिले में होगा भव्य सामूहिक कन्या विवाह

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिले में 10 फरवरी को जिला स्तरीय भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक वैवाहिक जीवन में प्रवेश कराने की पहल की जा रही है। यह कार्यक्रम न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है, बल्कि दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी प्रभावी अंकुश लगाने का कार्य कर रहा है। योजना के तहत पात्र कन्याओं का विवाह शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराया जाएगा, जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष एवं लड़का की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राहियों को आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अविवाहित प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट साइज फोटो प्रस्तुत करना होगा।

संसद में पेश आर्थिक समीक्षा की रिपोर्ट

देश में विद्यार्थियों की स्कूल त्यागने की दर में हुई वृद्धि निजी स्कूलों को मिला बढ़ावा

कांकेर/नवप्रदेश। संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए आर्थिक समीक्षा की रिपोर्ट में इस बात को स्वीकार किया गया कि देश में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में स्कूल त्यागने की दर में वृद्धि हुई है साथ ही निजी स्कूलों को बढ़ावा मिला है।

आज जारी एक प्रेस बयान में कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि संसद में कल वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि देश में आयु के आधार पर माध्यमिक स्तर में विद्यार्थियों के सिर्फ 52 प्रतिशत बच्चे ही स्कूल में भर्ती होने के लिए नाम दाखिल कराते है।रिपोर्ट में इसके लिए मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अधोसंरचना की कमी को ही जिम्मेदार ठहराया गया है। श्री पोटाई ने आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्र में सिर्फ 17.1प्रतिशत विद्यालयों में ही माध्यमिक स्तर के शिक्षा का सुविधा उपलब्ध है,जबकि प्राथमिक और बुनियादी स्तर के शिक्षा के लिए 54 प्रतिशत विद्यालयों में सुविधाएं उपलब्ध है। वहीं दूसरी तरफ शहरी क्षेत्र में माध्यमिक स्तर के विद्यालयों की

दर 38 प्रतिशत है।सुविधाओं की असमानता के कारण ही ग्रामीण छात्राए को शिक्षा हासिल करने के लिए शहर में आना पड़ता है,यातायात के अतिरिक्त खर्च बहुत परिवारों को वहन करने की स्थिति नहीं होने के कारण वे स्कूल की पढ़ाई त्याग देने को विवश हो जाते है। कांग्रेसी नेता ने कहा कि देश में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की संख्या में 37 लाख की कमी आई है।सन 2014-15 से सन 2023-24 विगत दस वर्षों में पूरे देश में सरकारी स्कूलों की संख्या में 8 प्रतिशत की कमी हुई है। वहीं दूसरी तरफ देश में निजी स्कूलों की संख्या में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।सरकारी आंकड़े के ही मुताबिक विगत दस वर्षों में देश में 11 लाख 7 हजार 101 सरकारी विद्यालयों की संख्या से वर्तमान में 89 हजार 441 संचालित हो रहे है,जबकि इसी समयकाल में निजी स्कूलों की संख्या में 42 हजार 944 से बढ़कर 3 लाख 31 हजार108 ही हो गई है।

उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि यह सरकार शिक्षा को अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित कर देना चाहती है।आम गरीब जनता शिक्षा से दूर रहे यह इस सरकार का एकमात्र उद्देश्य है।क्योंकि शिक्षा ही चेतना की रोशनी प्रदान करता है और यह सरकार लोगों को ज्ञान की रोशनी से दूर रखना चाहती है क्यों कि यह उनकी राजनैतिक एजेंडा है।

अवैध फर्नीचर निर्माण पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

बीजापुर / नवप्रदेश। पामेड़ अभयारण्य क्षेत्र अंतर्गत धरसावास में अवैध लकड़ी कटाई एवं फर्नीचर निर्माण के विरुद्ध वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर धरसावास स्कूल के पीछे स्थित पुलिया के नीचे छापा मारकर अवैध गतिविधियों को पकड़ा गया।कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से संचालित मशीनों से सागौन लकड़ी से फर्नीचर निर्माण किया जा रहा था। मौके से 3.652 घन मीटर सागौन लकड़ी, मशीनें एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। इस प्रकरण में वन अपराध क्रमांक 22180/01 दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि संरक्षित वन क्षेत्रों में अवैध कटाई एवं वन संपदा के दुरुपयोग के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

चाकू लेकर घुम रहा था युवक चारामा पुलिस ने किया गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। चाकू लेकर घुमते हुए युवक चारामा पुलिस ने फौरी कार्यवाही करते हुए चाकूबाज को गिरफ्तार किया गया है।चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 30 जनवरी 2026 को मुखवीर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम मरकाटोला रोड़ किनारे एक संदिग्ध व्यक्ति धारदार वस्तु लिए घुम रहा है कि



सूचना पर पुलिस द्वारा मुखबीर के बताये स्थान पर दबिश देकर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुछताछ किया। जिसने अपना नाम सागर उसेण्डी पिता लय कुमार उसेण्डी उम्र 19 वर्ष निवासी मरकाटोला, बाना चारामा जिला कांकेर बताया गया। इस दौरान तलाशी लेने पर कब्जे से कमर के पास एक धारनुमा काले रंग का चाकू रखा था। जिसे बरामद किया गया। चौड़ाई आर्म्स एक्ट परिधी में जाने से मौके पर जप्त किया गया। धारदार चाकू रखने के संबंध में दस्तावेज की मांग करने पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किया, जो आरोपी सागर उसेण्डी के विरूद्ध चाना चारामा में अपराध धारा 25 अधिनियम का घटना घटित करना पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चारामा पुलिस द्वारा मौके पर आरोपी सागर उसेण्डी के कब्जे में एक धारदार काले रंग का चाकू रखा था।जिसे कब्जा पुलिस लेकर 30 जनवरी 2026 को गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।निरीक्षक सुरेश राठौर थाना प्रभारी चारामा सउनि.दुष्यंत दीवान प्र.आर.भुपेन्द्र प्रधान आर.मुनाफ यादव शामिल थे।**कांकेर पुलिस की अपील**-अपराध पर नियंत्रण पुलिस और जनता की साझा जिम्मेदारी है। कई बार आपकी एक छोटी सी सूचना बड़े अपराधे को रोक सकती है, इसी उद्देश्य से जिला-उत्तर वस्तर कांकेर पुलिस द्वारा किसी भी संदिग्ध या अपराधिक गतिविधियों की जानकारी देने के लिए अपराधिक हेल्पलाईन नंचर 94791-55125 संचालित की जा रही है। यहीं दी गई हर सूचना एवं सूचनाकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

पैराडाइज स्कूल में पालक सम्मेलन

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज सी.बी.एस.ई. हायर सेकेण्डरी शनिवार को शिक्षक पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के पालक अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर अपने बच्चों के प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं विभिन्न भाषायी कौशल एवं गणित, विज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया। विषय शिक्षक से उनके विषय के बारे में छात्रों की प्रगति की चर्चा की गई। शारीरिक शिक्षा, योग और ध्यान, नैतिक शिक्षा, साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं कला मे उनकी रूचि की भी चर्चा की गई। पालकों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। छात्र-छात्राओं ने पालकों को अपनी लाइब्रेरी, विभिन्न लैंब, कंप्यूटर लैब, रोबोटिक्स लैब, इनडोर, आउटडोर स्पोर्ट परिसर का विजीट कराकर संबंधित शिक्षकों से चर्चा किया। पैराडाइज सी.बी.एस.ई. स्कूल प्रत्येक छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है।

न्यूज गैलरी

मोबाइल मोटर साइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने चोरी के दो प्रकरण का खुलासा करते हुए आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। इन दो चोरी की घटना का विवरण यह है कि सिविल लाईन कांकेर एवं सुजकी शो रूम कांकेर से आरोपी द्वारा 04 नग मोबाईल व मोटर सायकल को बरामद किया गया है।थाना सिटी कोतवाली से मिली जानकारी अनुसार थाना कांफेर अन्तर्गत सिविल लाईन कांकेर एवं सुजकी शो रूम आमापारा से प्रार्थी निशांत पारूथी पिता गिरीश उम्र 35 निवासी आमापारा कांकेर का मोटर सायकल स्पेंडर प्लस सीजी 07 बीएएक्स 0830 को एवं सिविल लाईन कांकेर के प्राथर्थी का शासकीय आवास के आलमारी से 1000 रूपये नगद एवं एक नग सैमसंग एस 22 वन पल्स का 03 नग पुराना मोबाईल को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध पंजीवद्ध कर विवेधना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना कांकेर पुलिस द्वारा अज्ञात चोर के संबंध में लगातार पतासाजी करते हुए आरोपी का पता मुखबीर के सुचना तस्दीक पर मलालडबरी मेन रोड पर जाकर घेराबंदी कर अभिरक्षा मे लेकर थाना लाकर पुछताछ किया गया जो आरोपी के द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किये जाने पर मेमोरेण्डम कचन लेखबद्ध कर चोरी किये गये मोटर सायकल एवं 04 नग मोचाईल बरामद किया गया। आरोपी आर्यन दिनकर को 30 जनवरी 2026 को गिरफ्तार करते विधिवत् कार्यवाही करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

शादी का झांसा देकर किया बलात्कार, आरोपी पहुंचा हवालात

कांकेर/नवप्रदेश। शादी का प्रलोभन देकर एवं मारपीट कर बलात्कार करने वाले आरोपी प्रवीण कोर्राम पिता देवेन्द्र कोर्राम उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क.13 नरहरपुर को 12 घण्टे में नरहरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। नरहरपुर पुलिस ने बताया कि 29 जनवरी 2026 को प्रार्थिया एवं परिजनों द्वारा बाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि प्रवीण कोर्राम निवासी नरहरपुर द्वारा 30 मई 2025 की रात्रि लगभग 10.00 बजे प्रवीण कोर्राम पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया एवं 05 जुलाई 2025 को प्रवीन कोर्राम पीडिता से उसके माता पिता तुमसे मिलना चाहते हैं बोलकर बहला फुसलाकर मैं तुमसे शादी करूंगा कहकर पुनः अपने साथ नरहरपुर लेकर आया और पीड़िता के साथ पुनः जबरदस्ती बलात्कार किया और मां, बहन की अश्लील गंदी-गंदी गाली गलौच व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये कहा कि तुम मेरे साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाओगी तो मैं तुम्हे समाज में बदनाम कर जान से मारने की धमकी देते हुये पीडिता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया है एवं शादी करने से इंकार करने पर प्रार्थियां की रिपोर्ट पर थाना में अपराव क्र. 24/2026 बीएनएस 69, 296, 115(2), 351 (3) कायम कर विवेचना में लिया गया है।



कॉंकेर ज़िला पुलिस ने जन सहयोग अध्यक्ष को सम्मानित किया

कांकेर/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को आज समारोह स्थल में विशेष रूप से आमंत्रित कर उनकी विभिन्न सामाजिक सेवाओं हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पुलिस तथा यातायात पुलिस के सामाजिक कार्यों में अजय पप्पू मोटवानी वर्षों से सहयोग देते आए हैं, जिनमें मुख्य कार्य 159 लावारिस लाशों के अंतिम संस्कार का है । यातायात पुलिस को भी वर्षाकाल में छाते एवं बरसाती उपहार में देते तथा आम जनता में यातायात जागरूकता उत्पन्न करने में सहायता करते रहते हैं।

विराट हिंदू सम्मेलन में गूंजी सनातन चेतना पेंदलनार बना धर्म-संस्कृति का संगम

सुकमा/नवप्रदेश। शताब्दी वर्ष के पुण्य अवसर पर छिंदगढ़ विकासखंड के पेंदलनार ग्राम में सनातन चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण का विराट दृश्य साकार हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, यादव समाज तथा समस्त ग्रामवासियों के सान्निध्य में संस्कृतिक रंगमंच पेंदलनार में विराट हिंदू सम्मेलन एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का दिव्य आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक महोत्सव में क्षेत्रभर से पहुंचे सैकड़ों सनातनी श्रद्धालु, साधु-संत एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर वातावरण को धर्ममय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती तथा अयोध्या धाम से प्रशिक्षित श्रीमद्भागवत कथा वाचिका सुश्री भारती देवी कोर्राम सहित विशिष्ट साधु-संतों की पावन उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। श्रीमद्भागवत कथा के अमृत वचनों से श्रोता भावविभोर हो उठे और समूचा पंडाल हरि नाम की गूंज से

आलोकित हो गया। वक्ताओं ने अपने ओजस्वी और आध्यात्मिक उद्बोधनों में सनातन धर्म की अखंड परंपरा, वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना और समाज में समरसता के महत्व को रेखांकित किया। जाति, पंथ और भाषा के भेद से ऊपर उठकर एकजुट हिंदू समाज के निर्माण का आह्वान किया गया। साथ ही युवाओं से अपने वेदों, शास्त्रों और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने का संकल्प लेने का आग्रह किया गया। सम्मेलन में यह संदेश प्रमुखता से उभरा कि संगठित और संस्कारित हिंदू समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। धर्म, संस्कृति और राष्ट्रवाद के समन्वय से ही समाज का सर्वांगीण उत्थान संभव है– इस भाव के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया गया। आयोजन के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, यादव समाज एवं ग्रामवासियों ने सभी श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके समर्पण से यह आध्यात्मिक महोत्सव सफल हुआ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशीष दुबे, मुन्ना राम नाग, अनिल टावरी, अरुण सिंह भदौरिया, भुवनेश्वरी यादव, संजय सोढ़ी, मड़कम भीमा, विवेक यादव, रमेश यादव, प्रशांत विश्वास, घासी राम यादव, संदीप यादव, गोविंद यादव, गोपी राम यादव, रामनाथ यादव, सोनाधर यादव, रामु यादव, लच्छू राम यादव, मोहन यादव, सोनिया यादव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। पेंदलनार में आयोजित यह विराट सम्मेलन न केवल एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत घोषणा और सामाजिक एकजुटता का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया।

प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की मांग को लेकर लेकर

उपमुख्यमंत्री को टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कांकेर के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक (एल बी) संवर्ग के मांगो को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंप प्रथमनियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पेंशन प्रदान करने की मांग की संघ पदाधिकारियो ने कहा कि प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना नहीं होने के कारण 25 वर्ष से अधिक सेवा के बावजूद शिक्षक एल बी संवर्ग को रिटायर होने उपरांत जीरो पेंशन मिल रहा है। टीचर्स एसोसिएशन द्वारा उपमुख्यमंत्री के साथ कलेक्टर व जिलाशिक्षाधिकारी कांकेर को मुख्यमंत्री वित्तमंत्री मुख्यसचिव शिक्षा सचिव छग़ शासन के नाम ज्ञापन भी सौंपा! एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक वाजिद खान, प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी,जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला,जिला सचिव संतोष जायसवाल ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा रमेश चंद्रवंशी एवं अन्य (डब्ल्यूपीएस

2255/2021), याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर पेंशन संबंधी याचिकाओं पर 23 जनवरी 2026को निर्णय पारित किया गया है। एवं शासन को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ताओं के प्रकरण में पुनर्विचार कर स्पष्ट आदेश जारी किया जाए। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा यह महत्वपूर्ण रूप से प्रतिपादित किया गया है कि पेंशन एक कल्याणकारी योजना है तथा यह सेवाओं के बदले दिया जाने वाला स्थगित पारिश्रमिक है। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि संविलियन से पूर्व याचिकाकर्ताओं द्वारा दी गई दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

मेला, झूले और रात का हिसाब, पालिका की कार्यशैली कटघरे में

नवप्रदेश की खबर का असरः

सुकमा/नवप्रदेश। जब सवाल अखबार में छप जाएं, तो जवाब अक्सर फ इलों से निकलकर रात के अंधेरे में मिलने लगते हैं। राजवाड़ा माता मेला के चर्चित झूला प्रकरण में नवप्रदेश की प्रमुख खबर के बाद ठीक यही नज़ारा देखने को मिला। दिन भर जिस लेनङ्कदेन पर 'सब कुछ नियमों के मुताबिक' का भरोसा दिलाया जा रहा था, उसका हिसाब अचानक रात करीब 10 बजे निजी आवास पर बैठकर किया गया। जानकारी के मुताबिक खबर के प्रकाशन के बाद संबंधित झूला संचालक को आनन-फानन में बुलाया गया और 1 लाख 10 हजार रुपये नगद लौटाए गए। यह राशि न तो किसी कार्यालय समय में लौटी, न ही किसी रसीद-

रजिस्टर की मौजूदगी में,बल्कि पूरी प्रक्रिया खामोशी और गोपनीयता के साथ पूरी की गई। यहीं मामला खत्म नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि शेष 2 लाख 50 हजार रुपये नगर पालिका में आज चेक के माध्यम से लौटाने का वादा किया गया है। हालांकि यह वादा कब अमल में आएगा और किस प्रक्रिया से पूरा होगा, इस पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान या दस्तावेज सामने नहीं आया है।

इस घटनाक्रम ने कई तीखे सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर झूला लगाने की अनुमति और उससे जुड़ा पूरा लेनङ्कदेन वैधानिक और पारदर्शी था, तो फिर रात के अंधेरे में पैसा लौटाने की जरूरत क्यों पड़ी? और अगर इसमें कोई गड़बड़ी नहीं थी, तो खबर छपने के बाद ही सुधार की पटकथा क्यों लिखी गई?

स्थानीय लोगों और मेला व्यवसाय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यह सिर्फ पैसों की वापसी का मामला नहीं, बल्कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सीधा सवाल है। जिस पालिका पर पहले ही मीना बाजार की अनुमति में 'डबल एंट्री', बिना रसीद वसूली और नियमों की मनमानी व्याख्या जैसे आरोप लगते रहे हैं, वहां इस तरह की रातोंङ्करात कार्रवाई संदेह को और गहरा करती है।

खबर ने आईना दिखाया, तो जवाबदेही की परछाई भी दिखने लगी। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह जवाबदेही सिर्फखबर की सुर्खियों तक सीमित रहेगी, या फिर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और स्पष्ट जवाब भी सामने आएंगे? फिलहाल झूलों से शुरू हुआ यह मामला अब पालिका, नियम और नीयत–तीनों को कठघरे में खड़ा कर चुका है। अब देखना यह होगा कि शेष राशि की वापसी केवल कागज़ी वादा बनकर रह जाती है या फिर सच में नियमों के दायरे में आकर इस प्रकरण का पटाक्षेप होता।

जेसीस कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

भाटापारा /नवप्रदेश। संस्था में जुड़े हुए सदस्यों की मेहनत और शाला प्रबंधन के अनुशासन तथा अच्छी शिक्षा अगर सही ढंग से मिलती रहे तो वह संस्था निरंतर आगे प्रगति करती रहती है,उन्हें कोई संदेह नहीं कि नगर की यह शिक्षण संस्था अपने दम में लगातार आगे बढ़ रही है,जिसका पूरा श्रेय संस्था प्रमुखों और प्रबंधनों को जाता है जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र है।उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने जेसीस समिति द्वारा संचालित जेसीस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के 39 वे वार्षिक स्नेह सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। विधायक इंद्र साव ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि जेसीस समिति द्वारा संचालित यह संस्था कॉन्वेंट से प्रारंभ होकर हायर सेकेंडरी तक पहुंच गई है यह सब संस्था से जुड़े हुए सदस्यों की मेहनत और शाला प्रबंधन में लगे हुए प्राचार्या एवं टीचिंग स्टाफ की मेहनत और आपसी सामंजस्य के बलबूते हो पाया है किसी भी कार्य को करने की लगन उसे उसकी मंजिल तक पहुंचाती है ऐसा इस संस्था के पदाधिकारियो ने कर दिखाया है। विधायक

ने कहा कि जेसीस कॉवेंट जिले का सबसे पहला इंग्लिश मीडियम स्कूल है उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनके पसंद के खेलकूद की और भी ध्यान देना की वकालत करते हुए कहा कि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होते रहे जिसके लिए संस्था के द्वारा इस स्कूल में लगातार बच्चों के हित में कार्य किये जाते हैं जो निश्चित रूप से बच्चों और उनके पालकों के लिए अच्छी बात हैं कि पढ़ाई के साथ-साथ शाला में अन्य गतिविधियां प्रतियोगिताएं, खेलकूद वगैरह भी करवाए जाते हैं। इस स्कूल के बच्चे आज भाटापारा में ही नहीं बल्कि देश-विदेश में भी अपना परचम लहरा रहे हैं।

प्रथम पेज का शेष

कीटनाशक दवा...

सोसाइटी परिसर में हड़कंप मच गया। किसानों ने उन्हें गंभीर कदम उठाने से मनाया किया। वह रातभर सोसाइटी में बैठा रहा, लेकिन धान नहीं बिका। शनिवार को सूचना पर जनपद सीईओ उमेश रात्रे, एसडीएम राजकुमार सोनकर और तहसीलदार तहसीलदार हनुमंत श्याम पहुंचे। किसान ने बताया कि उसके ऊपर बहुत कर्ज है। प्रशासनिक अफसर उन्हें समझाकर लौटे हैं। इधर इस मामले में एसडीएम और तहसीलदार को हमने चर्चा करने के लिए फोन लगाया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।

हाई टेंशन टावर...

-तफरी मच गई और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। धान खरीदी के शुरू होने के बावजूद टोकन न मिलने से किसान अनिल पैगवार काफी दिनों से परेशान था। लगातार प्रयासों के बावजूद कोई समाधान न मिलने पर उसने टावर पर चढ़ने का कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस बल ने भी क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली। अधिकारियों ने किसान को नीचे उतरने के लिए समझाइश देना शुरू किया।

परेशान किसान...

रहने वाले किसान अनुराग सिंह ठाकुर ने धान बेचने में लगातार आ रही परेशानियों से त्रस्त होने के बाद फिनाइल पीकर अपनी जान देने की कोशिश की। आत्महत्या की कोशिश से पहले किसान ने एक वीडियो बनाकर अपनी पीड़ा साझा की, जिसमें उसने प्रशासनिक अव्यवस्थाओं और धान खरीदी प्रणाली की खामियों को अपनी हालत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। सांकर निवासी अनुराग सिंह ठाकुर क्षेत्र के बड़े किसानों में गिने जाते हैं। अभी वह अस्पताल में भर्ती है।

टोकन नहीं मिला...

भर्ती कराया गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद सांसद ज्योत्सना महंत अस्पताल पहुंची थी।

300 नई ट्रेनों की घोषणा...

है। वर्तमान में 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को इस योजना का फायदा मिल रहा है, जिसे घटाकर 60 साल किया जा सकता है। साथ ही, सालाना ?5 लाख के मुफ्त इलाज की लिमिट को बढ़ाया जा सकता है, ताकि कैंसर और हार्ट सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों का खर्च कवर हो सके।

शराब दुकानों के मैन...

कर्मचारियों' की संख्या के बजाय केवल भारी-भरकम 'टर्नओवर' को प्राथमिकता दी गई है, जिसे लेकर अभी से सवाल उठने लगे हैं।

अनुभव की जगह टर्नओवर पर जोर

आबकारी सूत्रों के मुताबिक, पिछले टेंडरों में ईपीएफ जमा करने वाले रजिस्टर्ड कर्मचारियों और सरकारी संस्थानों में काम के अनुभव के आधार पर 'अंक' दिए जाते थे। नए टेंडर में इन तीनों महत्वपूर्ण शर्तों (अनुभव, कर्मचारी संख्या और लाइसेंस) को हटाकर केवल टर्नओवर को मुख्य आधार बनाया गया है।

सीवीसी नियमों का उल्लंघन?

कमेटी ने टर्नओवर की सीमा 300 करोड़ रखी है। जानकारों का कहना है कि यह सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के नियमों के विपरीत है, जिससे भविष्य में जांच की तलवार लटक सकती है।

ईपीएफ और सीवीसी जांच का डर

पिछली बार मैन पावर टेंडर में ईपीएफ जमा करने वाले कर्मचारियों के अनुसार अंक निर्धारित थे, जो इस बार गायब हैं। इससे पहले भी पूर्व मुख्य सचिव के खिलाफ इन्हीं मुद्दों पर शिकायतें पीएमओ तक पहुंच चुकी हैं, जिनकी जांच अभी लंबित है। ऐसे में नया टेंडर विभाग के लिए नई मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

न्यूज गैलरी

प्रिज्म ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस द्वारा गर्ल एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए 5 किमी रन का आयोजन

उतई/नवप्रदेश। 31जनवरी को प्रिज्म ग्रुप ने गर्ल एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए एक 5 किमी रन का आयोजन किया, जिसमें 300 से अधिक छात्रों और फैकल्टी ने भाग लिया।इस आयोजन का उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज में शिक्षा के महत्व को उजागर करना था। इस रन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने शिक्षा के महत्व और लड़कियों की शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस रन में आयु के अनुसार 4 श्रेणियां बनाई गई थीं, और हर श्रेणी से तीन विजेताओं को गिफ्ट प्रदान किए गए। इसके अलावा, सबसे कम समय में रन पूरा करने वालों को नकद पुरस्कार दिया गया।

खोपली शिक्षा रत्न से सम्मानित हुए शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के शिक्षक गिरीश साहू



उतई/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के शिक्षक श्री गिरीश साहू को वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में सरपंच श्रीमती मंजू वर्मा ,उपसरपंच देवेंद्र भारती ने शिक्षा ,समाज,और बच्चो के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए खोपली शिक्षा रत्न सम्मान से साल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। गिरीश साहू ने अपने शाला ,शिक्षा,और बच्चो के लिए निरंतर विकास के लिए बेहतर कार्य किए।उनके प्रयास से बच्चो में बेहतर कलात्मकता का विकास हुआ,उनके प्रयास से शाला भवन को प्रिंट रिच वातावरण और सुसज्जित करने का प्रयास किया और सफल हुए।बच्चो के साथ बेहतर मेल जोल ,शिक्षक साथियों के साथ बढ़िया तालमेल से शाला विकास के कार्य किए शिक्षा रत्न खोपली से सम्मानित शिक्षक गिरीश साहू ने बच्चो व स्कूल के विकास व गुणवत्तापूर्वक शिक्षा के लिए अनेक प्रयास किये जिसमे मुख्यमंत्री जतन योजना से एक बड़ा अम्बेडकर हाल का निर्माण करवाकर उसमेंप्रोजेक्टर ,कंप्यूटर की उपलब्ध कराना जिससे बच्चे प्रोजेक्टर और कंप्यूटर के माध्यम से अच्छे से नई नई जानकारी प्राप्त कर सके।

युवा कांग्रेस जिला इकाई का विस्तार, भूषण भारद्वाज बने जिला उपाध्यक्ष!

भिनोदा/सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)नवप्रदेश । जिला युवा कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में जिला अध्यक्ष शुभम बाजपेयी द्वारा संगठनात्मक विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इसी क्रम में सरसींवा के सक्रिय युवा कार्यकर्ता, पूर्व पार्षद एवं वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि भूषण भारद्वाज को जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस सारंगढ़ढ्ढबिलाईगढ़ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भूषण भारद्वाज लंबे समय से कांग्रेस संगठन में जमीनी स्तर पर सक्रिय रहते हुए युवाओं, छात्र हितों और स्थानीय जनसमस्याओं को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनकी यह नियुक्ति संगठन के भीतर मेहनती और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को आगे लाने की नीति का प्रतीक मानी जा रही है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष भूषण भारद्वाज ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

राहगीरों को परेशान करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई



7 बदमाश एवं 1 नाबालिक हिरासत में

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में शांति व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में घुघरी रोड क्षेत्र में राहगीरों को रोककर अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने, सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासनहीन व्यवहार करने एवं लोगों को डराए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप अधीक्षक कृष्णा चंद्राकर के पर्यवेक्षण में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान एवं कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप एवं दोनों थाना की संयुक्त टीम गठित कर योजनाबद्ध कार्यवाही की गई।पुलिस टीम द्वारा रात्रि में कॉम्बिंग गश्त के दौरान घुघरी अटल आवास के पास से कुल 7 युवकों और 1 नाबालिक को हिरासत में लिया गया।

कांग्रेस की योजनाओं की नींव महात्मा गांधी के विचारों ने रखी थी : विधायक इन्द्र साव

घोषणा के अनुरूप किसानों का एक एक दाना धान खरीदे सरकार - कॉंग्रेस

कांग्रेसजनो ने दिया धरना

भाटापारा / नवपद्रेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर स्थानीय कांग्रेसजनों द्वारा कांग्रेस भवन में बापू की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात बब्बू होटल के सामने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। यह आंदोलन प्रदेश में धान खरीदी में व्याप्त अनियमितताओं तथा मनरेगा कानून में किए जा रहे संशोधनों के विरोध में आयोजित किया गया।

धरना स्थल पर आयोजित सभा को विधायक इन्द्र साव ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की योजनाओं की नींव महात्मा गांधी के विचारों ने रखी थी, जिसमें समाज के आखरी व्यक्ति के हितों की रक्षा, सम्मान व विकास मुख्य ध्येय था । उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। किसान महीनों की मेहनत के बाद जब अपना धान बेचने खरीदी केंद्रों तक पहुंचता है तो उसे टोकन, सर्वर की समस्या, नई-नई शर्तों एवं समय-सीमा जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार किसानों को बिना धान बेचे ही केंद्रों से लौटना पड़ता है, जिससे वे आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

विधायक साव ने अधिकारियों द्वारा किसानों के घर-खेत जाकर धान के भौतिक सत्यापन किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह व्यवस्था अव्यवहारिक होने के साथ-साथ किसानों के स्वाभिमान के खिलाफ है। किसान पहले ही पंजीयन व आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी करता है, इसके बावजूद घर जाकर जांच करना किसानों को संदेह की नजर से देखने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह किसानों को धान खरीदी प्रक्रिया से बाहर करने की साजिश है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलावों पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसमें बदलाव कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर कर रही है। काम के दिनों में कटौती, भुगतान में देरी और नियमों को जटिल बनाकर मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ती रहेगी।

पूर्व निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने एग्रीटेक पंजीयन की बाध्यता समाप्त कर किसानों को राहत देने की मांग की। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते सहकारी समितियां डिफाल्टर बनने की कगार पर पहुंच रही हैं। धान खरीदी के दौरान सूखत की भरपाई का समुचित प्रावधान नहीं होने से समितियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर किसानों और पूरी सहकारी व्यवस्था पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में रिकॉर्ड धान खरीदी हुई थी, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आज किसान किसानी छोड़ने और आत्मदाह जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।÷उक्त मांगों को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन एस डी एम को सौंपा गया, जिसमें मनरेगा कानून में प्रस्तावित बदलावों को वापस लेने, धान खरीदी में आ रही अनियमितताओं को दूर करने तथा किसानों के हित में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की भी मांग की गई।

देह व्यापार की अनैतिक गतिविधियों पर कबीरधाम पुलिस की सख्त कार्रवाई

एक दलाल सहित 03 युवतियां हिरासत में

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में जिले में कानून व्यवस्था, सामाजिक मर्यादा एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 30 जनवरी 2026 की रात में घुघरी रोड स्थित अटल आवास क्षेत्र में देह व्यापार से संबंधित गतिविधियों की सूचना पर साइबर थाना एवं थाना कवर्धा (कोतवाली) की संयुक्त टीम द्वारा रात्रिकालीन कॉम्बिंग गश्त के दौरान कार्रवाई की गई। इस दौरान महिला अधिकारियों एवं महिला आरक्षकों की टीम को विशेष रूप से शामिल किया गया।

कॉम्बिंग गश्त एवं दबिश के दौरान मौके से एक दलाल एवं तीन युवतियों को हिरासत में लिया गया, जो संदिग्ध रूप से देह व्यापार की गतिविधियों में संलिप्त पाए गए। उक्त गतिविधियों से क्षेत्र की सामाजिक शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति निर्मित हो रही थी।

हिरासत में लिए गए दलाल का नाम

गोलू लहरे पिता कलम लहरे उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 17 मिनीमाता चौक कवर्धा इसके अलावा 3 युवतियों को भी हिरासत में लिया गया है। उक्त सभी के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई के जा रही है।

कबीरधाम पुलिस यह स्पष्ट संदेश देती है कि जिले में देह व्यापार, अनैतिक गतिविधियों एवं सार्वजनिक शांति भंग करने वाले किसी भी कृत्य को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज में भयमुक्त वातावरण एवं कानून का सम्मान बनाए रखने के लिए ऐसी सख्त कार्रवाइयाँ आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा रजत महोत्सव का आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आज जिला मुख्यालय कबीरधाम (कवर्धा) में रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन CSPDCL की 25 वर्षों की सेवा, उपभोक्ता विश्वास एवं विद्युत क्षेत्र में उपलब्धियों को समर्पित रहा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन एवं CSPDCL द्वारा संचालित जनकल्याणकारी विद्युत योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाना तथा उपभोक्ताओं को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को रूफ्टॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने पर केंद्र एवं राज्य शासन से अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी संभव है।

साथ ही सौभाग्य योजना, कृषि पंप विद्युतीकरण योजना, डिजिटल बिलिंग एवं ऑनलाइन भुगतान सुविधा, तथा स्मार्ट मीटरिंग जैसी योजनाओं एवं पहलों पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में यह बताया गया कि CSPDCL द्वारा जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक निर्बाध, सुलभ एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे जनजीवन, कृषि, व्यापार एवं उद्योग को निरंतर गति मिल रही है।

रजत महोत्सव के अवसर पर समय पर विद्युत बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं का सम्मान भी किया गया, जिससे अन्य उपभोक्ताओं को भी जिम्मेदार एवं अनुशासित उपभोक्ता बनने की प्रेरणा मिले।

अपने उद्बोधन में अधिकारियों ने कहा कि CSPDCL छत्तीसगढ़ शासन की जनहितैषी नीतियों के अनुरूप कार्य करते हुए प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों से अपील की गई कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लें, समय पर विद्युत बिल का भुगतान करें तथा ऊर्जा संरक्षण में अपना सक्रिय योगदान दें।

सेजेस डोंगरगढ़ में मनाया गया एलुमनी भूतपूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह



डोंगरगढ़ / नवपद्रशे। । 25 जनवरी दिन रविवार को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम विधालय डोंगरगढ़ में भूतपूर्व विद्यार्थियों का एलुमनी मिलन समारोह आयोजित किया । छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना कर किया गया। आमंत्रित भूतपूर्व विद्यार्थियों का शाला के SMDC अध्यक्ष कुलवंत कक्कड़ द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर व विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। उद्बोधन का प्रारंभ स्स्ब्ष्ट के अध्यक्ष कुलवंत सिंह कक्कड़ के उद्बोधन से हुआ भूतपूर्व विद्यार्थियों में से सुब्रमण्यम स्वामी (रिटायर्ड IFS) ने अपने संबोधन में अपने विद्यालयीन अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों के हित में मार्गदर्शन करने का प्रस्ताव भी दिया। श्री एच एस भाटिया पूर्व प्रो., नवाज खान (पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस ग्रामीण) रमन डोंगरे (अध्यक्ष नगर पालिका डोंगरगढ़) ने भी अपने सम्बोधन में अपनी पुरानी विद्यालयीन स्मृतियाँ साझा की। अंतिम संबोधन सबसे वरिष्ठ भूतपूर्व छात्रा श्रीमति सुभदा मिश्र का रहा। जिसमें उन्हाने विद्यार्थियों व शिक्षकों का सार्थक मार्गदशन किया। उद्बोधन के पश्चात शाला के विद्यार्थियों ने मनमोहक की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर भूतपूर्व विद्यार्थियों की पुरानी स्मृतियों को पुनर्जीवित किया। कार्यक्रम के अंत में SMDC अध्यक्ष व प्रभारी प्राचार्य पूर्णिमा साहू व पदाधिकारियों ने भूतपूर्व विद्यार्थियों को श्रीफल भेटकर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर भूतपूर्व विद्यार्थियों में क्रीड़ाधिकारी मुन्नालाल नंदेश्वर, आर डी साहू,अरविंद सिंह (वरिष्ठ अधिवक्ता) सुनील जैन(समाजसेवी), जितेंद्र साखरे प्राचार्य रश्मि देवी महाविद्यालय खैरागढ़,श्री बाबूराव जनबंधु क्रीड़ा शिक्षक, ईश्वर निर्मलकर भूतपूर्व क्रीड़ा शिक्षक,विलास जांबुलकर पत्रकार,विलास सहारे शिक्षक,अमरीश तांडिया पत्रकार, विजयराज चौहान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, अरविंद सहारे रेलवे कर्मचारी जशवंत बागड़े अधिवक्ता ,साथ हि छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के भी भूतपूर्व विद्यार्थियों ने भी अपनी सहभागिता दी। इस दौरान विद्यालयीन अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों के हित में मार्गदर्शन किया गया।

डॉ. जे.के. आडिल चैंपियंस ट्रॉफी पर आर्यन बिलासपुर का कब्जा

क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

भाटापारा / नवपद्रशे। मिलन क्रिकेट क्लब, भाटापारा के तत्वावधान में आयोजित डॉ. जे. के. आडिल चैंपियंस ट्रॉफी पर आर्यन बिलासपुर ने कब्जा किया वही उप विजेता भाटापारा टिम रही।

स्थानीय कल्याण क्लब में 10 जनवरी से आरम्भ क्रिकेट प्रतियोगिता का गणतंत्र दिवस को समापन हुआ।इस क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलग जिलों एवँ शहरों से कुल 64 टीमो में भाग लिया। 17 दिनों तक रात्रि कालीन चले इस प्रतियोगिता का फाइनल चैंपियंस भाटापारा टीम और आर्यन बिलासपुर के मध्य खेला गया।दोनों टीमों ने अनुशासित, रोमांचक एवं उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबला आर्यन बिलासपुर ने जीता वही उपविजेता चैंपियंस भाटापारा रही। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका भाटापारा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के भाटापारा अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी द्वारा किया गया वही विशेष रूप से अध्यक्ष मिलन क्रिकेट क्लब अमरजीत सिंह सलूजा, सतीश अग्रवाल, अध्यक्ष कल्याण क्लब , मिलन क्रिकेट के संरक्षक डॉ. विकास आडिल, श्रीचंद छाबड़िया प्रदेश उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, गिरधर गोविंदानी प्रदेश उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, लक्ष्मी नारायण सोनी प्रदेश अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन, कैलाश बालानी, डॉ.अरुण छाबड़ा समाजसेवी, हैकृष्णा गोयल, योगेंद्र यदु, प्रशांत वर्मा, राजेश शर्मा एवं सभी आयोजक एवं प्रायोजकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

01 से 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक राजिम कुंभ मेला क्षेत्र को शुष्क दिवस घोषित

गरियाबंद / नवपद्रशे। । राजिम कुंभ ;कल्पद्ध मेला 2026 के दौरान धार्मिक गरिमाए कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन ने बड़ा निर्णय लिया है। वाणिज्यिक कर ;आबकारीद्ध विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 01 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 ;महाशिवरात्रिद्ध तक राजिम कुंभ मेला क्षेत्र को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। यह आदेश जिला रायपुर अंतर्गत नवापाराए जिला धमतरी अंतर्गत मगरलोड तथा जिला गरियाबंद अंतर्गत राजिम क्षेत्र में प्रभावशील रहेगा।

हेलमेट लगाने किया प्रेरित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा पर डाइट में विशेष मार्गदर्शन

महासमुंद / नवपद्रशे। । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य अरूण प्रधान एवं उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस हमर पुलिस हमर संग एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में उपनिरीक्षक हिरवानी, प्रधान आरक्षक पवन कुमार धनकर, हरिश चंद्राकर, चंद्रवंशी, महेन्द्र सिंह दीवान एवं परिवहन विभाग से आरबी निर्मलकर ने कहा कि हम सभी को सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना चाहिए ,क्योंकि हम सभी अपने परिवार के लिए अनमोल धरोहर हैं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक हिरवानी ने कहा कि दुर्घटना में घायल को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाला व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) सभी प्रकार की परेशानियों जैसे-अस्पताल, पुलिस विभाग और अदालती प्रक्रियाओं से सुरक्षित है। छात्राध्यापकों को प्रेरित करते हुए बताया गया कि सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा के तहत प्रशस्ति पत्र, 25 हजार रू. नकद एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक लाख रु. सम्मान के रूप में देने का प्रावधान है।

विशेष मार्गदर्शी कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अरूण प्रधान, उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा ने सभी छात्राध्यापकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने के लिए प्रेरित किया ।

अभावों के बीच इतिहास रच रहीं अर्जुंदा की वेटलिफ्टिंग बालिकाएं

जीत का परचम लहराया, लेकिन आज भी सरकारी मदद की बाट जोह रहीं खिलाड़ी



बालोद/ नवप्रदेश। संसाधनों के घोर अभाव, बुनियादी सुविधाओं की कमी और लगातार सरकारी उपेक्षा के बावजूद अर्जुंदा की वेटलिफ्टिंग बालिकाएं इतिहास रचती जा रही हैं। असुरक्षित सामुदायिक भवन में सीमित साधनों के बीच अभ्यास कर रही ये खिलाड़ी न केवल बालोद जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान दर्ज करा चुकी हैं। इसके बावजूद आज तक न उन्हें स्थायी और सुरक्षित प्रशिक्षण भवन मिल पाया है और न ही प्रशासन या जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस सहायता।

खेलो इंडिया चयन ट्रायल में चमकी अर्जुंदा की प्रतिभा- वेटलिफ्टिंग स्पोर्ट्स अकादमी अर्जुंदा से जुड़ी बालिकाओं ने 6 जनवरी को आयोजित खेलो इंडिया जनजातीय खेल (छत्तीसगढ़ चयन ट्रायल) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस ट्रायल में अकादमी की चार बालिकाओं ने भाग लिया, जिनमें से दो बालिकाओं का चयन छत्तीसगढ़ टीम के लिए किया गया। ये दोनों खिलाड़ी फरवरी माह में आयोजित राष्ट्रीय खेलो इंडिया जनजातीय खेलों में बालोद जिला एवं छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह उपलब्धि न केवल अकादमी बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार बढ़ती भागीदारी-अर्जुंदा की बालिकाओं की उपलब्धियों का सिलसिला लगातार आगे बढ़ता रहा है। पिछले महीने दिसंबर में अकादमी की तीन बालिकाओं ने अंडर-19 स्कूल नेशनल गेम्स में भाग लिया। इससे पहले पिछले वर्ष ओपन राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पूरे बालोद जिले से केवल एक ही खिलाड़ी का चयन हुआ था, जो अर्जुंदा की ही थी। वहीं इस वर्ष बालोद जिले से दो बालिकाओं का चयन ओपन राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 4 फरवरी से 12 फरवरी तक मोदीनगर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ये दोनों खिलाड़ी भी अर्जुंदा स्थित वेटलिफ्टिंग अकादमी से ही हैं। खेलो इंडिया ट्राइब नेशनल गेम्स में भी अर्जुंदा की मजबूत उपस्थिति इसके अतिरिक्त 14 फरवरी से शुरू होने वाले खेलो इंडिया ट्राइब नेशनल गेम्स, जिनका मेजबान राज्य छत्तीसगढ़ है, के लिए भी अकादमी की दो बालिकाओं का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है।

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा),
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /7393 / आवि/निर्माण/नक-02(3)/2025-56 रायगढ़,दिनांक 29.01.2026

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिले के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 06.02.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	लागत (लाखों में)
1	184633	प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास उरबा (तमनार) में टाईल्स, आहाता, शौचालय, छत मरम्मत, पेटिंग अनु. / लघु निर्माण कार्य	15.46

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी Portal : http://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़

जी- 252606386/3

स्थानीय व्यापार को नई उड़ान दे रहा बीएनआई मेला, सुई से लेकर जेसीबी तक एक ही छत के नीचे

25 वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाता बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला, आत्मनिर्भरता और रोजगार का बना सशक्त मंच

बिलासपुर/नवप्रदेश। 'जब स्थानीय व्यापार मजबूत होता है, तभी शहर, जिला और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलती है।' इसी सोच और आत्मनिर्भर भारत के संदेश के साथ साइंस कॉलेज मैदान, सरकंडा में बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 का भव्य आयोजन किया गया है। 25 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाता यह मेला केवल खरीद-फरोख्त का केंद्र नहीं, बल्कि उद्यमिता, नवाचार, रोजगार और सामाजिक सरोकारों का सशक्त मंच बनकर उभरा है।

बीएनआई द्वारा आयोजित इस व्यापार एवं उद्योग मेले का यह तीसरा साल है, जो 29 जनवरी से 3 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक संचालित हो रहा है। निःशुल्क प्रवेश होने के कारण बड़ी संख्या में शहरवासियों के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी लोग मेले में पहुंच रहे हैं। छोटे व्यापारियों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई और बड़े उद्योगों को एक ही छत के नीचे जोड़ते हुए यह आयोजन व्यापारिक आत्मविश्वास को मजबूत कर रहा है। मेले के दूसरे दिन आयोजित मुख्य कार्यक्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष सतीश थौरानी, चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष भागचंद बजाज, पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी तथा छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, निकेश बरडिया, चेतन तारवानी, रचरण सिंह साहनी, राजेश वासवानी, राधाकिशन सुंदरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर व्यापारियों से संवाद किया और मेले की सराहना की। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 'गांधी मजबूरी नहीं, मजबूती का नाम है' विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आधारशिला ग्रुप के डायरेक्टर अजय श्रीवास्तव, डॉ. किरण पाल सिंह चावला सहित अन्य वक्ताओं ने गांधीजी के विचारों, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के संदेश पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर आधारशिला न्यू सैनिक स्कूल के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। मेले के दूसरे दिन की शुरुआत सद्भावना मैराथन से की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर सामाजिक एकता, भाईचारे और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम: धर्मजीत सिंह

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला केवल व्यापार का मंच नहीं, बल्कि स्थानीय प्रतिभा, उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को नई पहचान मिलती है। यह मेला आत्मनिर्भर भारत की सोच को जमीनी स्तर पर मजबूत करता है और छत्तीसगढ़ की आर्थिक क्षमता को देशभर में प्रस्तुत करता है। रायपुर की तरह बिलासपुर भी तेजी से प्रगति करे और यह तभी संभव है जब व्यापारी और नेता मिलकर समन्वय करे।

छत्तीसगढ़ के व्यापारिक विकास का आईना: अटल श्रीवास्तव

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि 25 वर्ष पहले हरिश केडिया द्वारा शुरू किया गया यह मेला ऊंचाई को छू रहा है आगे भी डॉ किरण पाल सिंह चावला और बीएनआई परिवार के प्रयास से प्रगति करेगी। बीएनआई द्वारा आयोजित यह मेला छत्तीसगढ़ के व्यापारिक विकास का आईना है। एक ही मंच पर छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि राज्य आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे आयोजन युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करते हैं और रोजगार के नए अवसरों का सृजन करते हैं।

न्यूज गैलरी

संगीत व कला कार्यशाला में दिव्यांग छात्रों की मनमोहक प्रस्तुति



बिलासपुर/नवप्रदेश। संगीत एवं कला की कार्यशाला में दिव्यांग छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। उनकी कला व संगीत प्रस्तुति से लोग मंत्र मुग्ध हो गए। अंध मूक बधिर छात्रों ने निदा फ़ाज़ली की गजल धूप तो होगी सफर में प्रस्तुत किया इसके बाद दिव्यांग छात्राआरती नेताम ने हारमोनियम पर प्रस्तुति दी टिकेश्वरी रजक ने ए मेरे वतन के लोगों गाया ।तिफरा मूक बधिरशाला के छात्रों ने नशा मुक्ति पर दो प्रस्तुतियां दी जो बेहद सराही गई ।लवली और साथियों ने लावणी नृत्य पेश किया और महाराष्ट्र की छवि दिखाई। सृष्टि साहू स्नेहा स्मिता उषा भजन पर आधारित मराठी नृत्य प्रस्तुत किया ।अंबिका पांडे ने गुजराती नृत्य की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की झलक दिखी सुरभि साक्षी आकांक्षा रिया खुशबू मुस्कान और कनक ने सुआ नृत्य प्रस्तुत किया।

आज भारत बंद व 2 को कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंच कर राष्ट्रपति व पीएम के नाम पर सौंपेंगे ज्ञापन

यूजीसी बिल के खिलाफ सवर्ण समाज में आक्रोश, भारत बंद व विरोध प्रदर्शन तैयारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व विद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानो में समता के संवर्धन हेतु 'विनियम 2026 जिसे यूजीसी कानून कहा जा रहा है इन दिनों देश भर में चर्चा का विषय है। इस यूजीसी कानून के विरोध में बिलासपुर के समग्र सवर्ण समाज लामबंद हो गए है।

इस विषय पर चर्चा के लिए कान्यकुब्ज भवन में सभी सवर्ण समाज की बैठक हुई। बैठक में सभी ब्राम्हण समाज के अतिरिक्त अग्रवाल समाज, पूज्य सिंधी समाज, गुजराती समाज, महाराष्ट्रियन समाज, तेलगू समाज के साथ क्षत्रीय समाज के पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में सदस्य गण उपस्थित रहे। इस बैठक में तय हुआ है कि यूजीसी एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक जरूर लगा दी है परन्तु इस एक्ट का विरोध करते रहना है जब तक कि इसे वापस नही लिया जाता है। इसके लिए 1 फरवरी को भारत बंद एवं 2 फरवरी सोमवार को 12 बजे दोपहर देवकीनंदन चौक मे एकत्र होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस सर्व सवर्ण समाज की बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढी ब्राम्हण समाज के डा प्रदीप शुक्ला कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज से अरविन्द दीक्षित, ज्ञान अवस्थी, मनोज तिवारी, अनिल तिवारी, राजेश शुक्ला, विक्रात तिवारी, अग्रवाल समाज के सुनील सोन्यालिया, पूज्य सिंघी समाज से विनोद मेघानी, किशोर पमनानी, क्षत्रीय समाज के प्रियंक परिहार, महाराष्ट्रीयन समाज से मोहन देव पुजारी, तेलगु समाज से बी महेश के साथ साथ मुख्य वक्ता महेश दुबे टाटा, सुरेन्द्र शर्मा, गुड्डा तिवारी, कायस्थ समाज के गजेन्द्र श्रीवास्तव, ब्राम्हण समाज बी के पान्डेय, गुजराती समाज से गोपाल वेलाणी, गुप्ता समाज से राधवेन्द्र गुप्ता आदि ने अपने विचार रखे । इस बैठक का संचालन पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने किया। बैठक में अजय जाजोदिया मनीष अग्रवाल जयश्री शुक्ला उपस्थित थे।

डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में रासेयो सतत तत्पर: डॉ. होता



बिलासपुर/नवप्रदेश। डिजिटल युग में बढ़ती तकनीकी चुनौतियों एवं साइबर अपराधों के प्रति समाज को जागरूक, सक्षम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साईंस एण्ड एप्लीकेश तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में, देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आईआईटी बीएचयू के सहयोग से 'विशेष एक दिवसीय डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला (स्पेशल वन डे डिजीटल लिट्रेसी एण्ड साइबर सिक्यूरिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम') का भव्य, सुव्यवस्थित एवं अत्यंत सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डॉ. एच.एस. होता, विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साईंस एण्ड एप्लीकेश अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में तथा डॉ. मनोज सिन्हा, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुशल समन्वय से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं युवाओं को डिजिटल साक्षरता, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर सुरक्षा माई भारत पोर्टल एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता जैसे विषयों पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान करना रहा।

अबूझमाड़ की धरती से देश-दुनिया को दिया जा रहा है अमन और शांति का मजबूत संदेशः मुख्यमंत्री साय

अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथनः शांति, विश्वास और विकास का सामूहिक दौड़

रायपुर/नवप्रदेश। अबूझमाड़ की पावन धरती से शांति, सद्भाव और विकास का सशक्त संदेश देते हुए आज अबूझमाड़ पीस हाफमैराथन 2026 का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अलसुबह नारायणपुर के हाईस्कूल परिसर के समीप आयोजित हाफमैराथन सहभागिता की और धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सांकेतिक रूप से स्वयं भी दौड़ लगाई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विजयी प्रतिभागियों को प्रदान किए जाने वाले मैडल का अनावरण भी किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज अबूझमाड़ की धरती से पूरे देश और दुनिया को अमन और शांति का मजबूत संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वही अबूझमाड़ है, जहाँ कभी आम नागरिकों और जवानों का पहुँचना भी कठिन था, लेकिन आज सकारात्मक वातावरण के कारण हजारों लोग यहाँ एकत्रित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में माओवाद से मुक्ति की दिशा में युवा वर्ग का जोश और उत्साह यह संकेत दे रहा है कि जल्द ही यह क्षेत्र खुशियों से आबाद होगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार की नीतियों और नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति का उल्लेख करते

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारायणपुर में अबूझमाड़ पीस हॉफमैराथन को दिखाई हरी झंडी

हुए कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के समूल उन्मूलन का लक्ष्य तय किया गया है और बस्तर लाल आतंक से पूरी तरह मुक्त होगा। उन्होंने नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष में लगे सुरक्षा बलों के अधिकारियों एवं जवानों के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करते हुए कहा कि उन्हीं के बलिदान और समर्पण से आज बस्तर क्षेत्र में शांति और विकास की मजबूत नींव पड़ी है।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हाल ही में बस्तर क्षेत्र में 351 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है तथा नए विकास कार्यों की घोषणा भी की गई है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के कारण यह क्षेत्र पिछले चार दशकों से विकास से वंचित रहा, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और बस्तर में विकास की गंगा निरंतर बहेगी। उन्होंने सम्पूर्ण बस्तर और छत्तीसगढ़ को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के सरकार के संकल्प को दोहराया।

उल्लेखनीय है कि यह 21 किलोमीटर लंबी हाफमैराथन नारायणपुर से बासिंग तक आयोजित की गई, जिसमें देश-विदेश से आए 60 से अधिक विदेशी प्रतिभागियों सहित बस्तर संभाग, प्रदेश एवं अन्य राज्यों के 10 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया। मैराथन से पूर्व हाईस्कूल परिसर में जुंबा वॉर्मअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों प्रतिभागियों ने एक साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस आयोजन की सबसे विशेष और ऐतिहासिक बात यह रही कि आत्मसमर्पित माओवादी युवाओं ने भी हथियार छोड़कर शांति और मुख्यधारा में लौटने का संदेश देते हुए मैराथन में हिस्सा लिया। नारायणपुर की अबूझमाड़िया जनजाति सहित स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को और अधिक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी बनाया। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक केदार कश्यप, जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, बस्तर सांसद महेश कश्यप, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, वैद्यराज पद्म हेमचंद मांझी, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी पी. सुंदरराज, कलेक्टर मती नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक राबिनसन गुरिया, जिला सीईओ मती आकांक्षा शिक्षा खलखो सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

दुष्कर्म के बाद नाबालिग हुई प्रेग्नेंट, अभियुक्त को उम्रकैद, मिली सहायता

रायपुर/नवप्रदेश। नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर बलात्कार करने से गर्भवती होने पर न्यायाधीश ने बड़ा फैसला सुनाया है। आरोप सिद्ध होने पर एक अभियुक्त को कठोर आजीवन कारावास और एक हजार रुपए जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। जबकि इस मामले में दो आरोपियों को दोषमुक्त किया है। वहीं पीड़िता को हुई मानसिक, शारीरिक हानि और पुनर्वास के लिए क्षतिपूर्ति राशि 7 लाख रुपए देने का आदेश भी दिया है।

यह मामला थाना मंदिर हसौद क्षेत्र का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई प्रथम फास्ट ट्रैक विशेष न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की कोर्ट में पूर्ण हुई। मामले की पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू ने कोर्ट को बताया कि अभियुक्त पूर्वानंद ढीमर 18 दिसंबर को 2019 नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर शादी करने का झांसा देकर भगा ले गया। इस मामले में दो आरोपी रुखमणी धीवर और प्रकाश धीवर ने सहयोग किया। इस मामले में 10 जून 2022 को जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला व बाल विकास विभाग की रिपोर्ट पर कार्रवाई शुरू हुई। करीब एक साल तक घर से निकलने नहीं दिया, उसी दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई। बिना शादी के उसने एक पुत्र को जन्म दिया। बच्चे को टीकाकरण के लिए भी घर से निकलने नहीं दिया जाता था। जब पीड़िता शादी के लिए दबाव बनाती थी तो अभियुक्त उसके साथ मारपीट करता था। 11 जून 2022 को पीड़िता को बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराया गया तो पता चला कि पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीनों आरोपी जेल में रिमांड पर रहे। मंदिर हसौद पुलिस ने मिले साक्ष्य, आरोपियों के बयान कोर्ट में पेश किये।

मनरेगा बचाने और धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेस का आंदोलन,चक्काजाम

धमधा/नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के बोरी तहसील में जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूरे जिले में केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया। यह विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से मनरेगा योजना में बदलाव, नियमों में बदलाव तथा किसानों की धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर आयोजित किया गया। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

धरना स्थल पर उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार मजदूरों और किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने के लिए इसके

नियमों में मनमाने ढंग से बदलाव किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और समय पर मजदूरी का भुगतान भी नहीं हो रहा है।

वही जीवन वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों से और मजदूरों के विरुद्ध कार्य कर रही है लगातार पूरा प्रदेश में सरकार के नीतियों का विरोध प्रदर्शन चल रहा है,आने वाले दिन में भाजपा की इस से सरकार को हार का क़रार जवाब मिलेगा वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां पूरी तरह से किसान और मजदूर विरोधी हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर रोजगार बढ़ाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर मनरेगा में काम के दिन घटाकर और जटिल नियम लागू कर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस इन नीतियों का सड़क पर उतरकर विरोध करती रहेगी। इस दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री राजीव गुप्ता ने बताया कि जिले में अब तक बड़ी संख्या में किसानों की धान खरीदी पूरी नहीं हो पाई है, फिर भी सरकार खरीदी की अंतिम तिथि समाप्त करने पर अड़ी हुई है। इससे किसानों में भारी चिंता और आक्रोश है। उन्होंने मांग की कि धान खरीदी की तिथि तत्काल बढ़ाई जाए, ताकि कोई भी किसान अपने हक से वंचित न रहे।

प्रदर्शन कर दिया सरकार को संदेश, समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन होगा तेज

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफजोरदार नारेबाजी की। शांतिपूर्ण तरीके से किए गए इस चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को स्पष्ट संदेश दिया गया कि यदि जनसमस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मौके पर जीवन निर्मलकर, यगेंद्र दिल्लीवार,रेवा बंजारे,योगेश साहू,संतलाल बंजारे,पप्पू सोनवानी,बब्बू वैष्णव,मन्नू देशमुख,राधे वर्मा,कामदेव साहू, डाकेंद्र साहू,अरुण साहू,ग़मल उमरे,जितेंद्र वर्मा,रामकुमार पटेल,देवेंद्र चंदेल,परमेश्वर यादव,लुमेश्वर पटेल,रामा वर्मा, टोमन साहू,जीवधन साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजिम मेले में कवरेज मीडिया के लिए बन रही चुनौती, पत्रकारों ने की प्रशासन से मांग

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान मंचीय कार्यक्रमों एवं प्रमुख अतिथियों के आगमन के समय स्थानीय पत्रकारों और फोटोग्राफरों को हर वर्ष गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समाचार कव्हरेज के लिए निर्धारित समय पर मंच तक पहुंचना पत्रकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाता है, क्योंकि पुलिस द्वारा उन्हें जगह-जगह रोक दिया जाता है।

पत्रकारों का कहना है कि वैध पहचान पत्र और प्रेस आईडी होने के बावजूद कई बार बैरिकेटिंग पॉइंट पर अनावश्यक रूप से रोक दिया जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि मंचीय कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं, अतिथि मंच पर पहुंच जाते हैं और मीडिया प्रतिनिधि समय पर कव्हरेज नहीं कर पाते। इससे न केवल पत्रकारों के कार्य में बाधा आती है, बल्कि कार्यक्रमों की निष्पक्ष और समय पर जानकारी भी जनता तक नहीं पहुंच पाती। स्थानीय मीडियाकर्मियों ने सवाल उठाया है कि जब प्रशासन द्वारा आमंत्रण, प्रेस सूची और कव्हरेज की आवश्यकता पहले से तय होती है, तो फिर मौके पर पुलिस द्वारा असमंजसपूर्ण रोक-टोक क्यों की जाती है। कई बार ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पत्रकारों के प्रवेश संबंधी स्पष्ट निर्देश न होने के कारण विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान मंचीय कार्यक्रमों एवं अतिथियों के कव्हरेज के लिए जाने वाले पत्रकारों और फोटोग्राफरों को विशेष रंग के पास उपलब्ध कराए जाने की मांग उठी है। पत्रकारों का कहना है कि यदि अलग पहचान वाले पास की व्यवस्था हो और उच्च अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं, तो मीडिया कर्मियों को अनावश्यक रूप से रोके जाने की समस्या से बचा जा सकता है।

पत्रकारों के लिए विशेष पास व्यवस्था की उठी मांग

श्रमजीवी पत्रकार संघ के गरियाबंद जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा, महासचिव रमेश चौधरी व स्थानीय मीडियाकर्मियों ने मांग की है कि जिला पुलिस प्रशासन कुंभ कल्प मेला अवधि के दौरान पत्रकारों के लिए स्पष्ट प्रवेश व्यवस्था, निर्धारित मार्ग और पास सिस्टम लागू करे, ताकि कव्हरेज सुचारू रूप से हो सके।

कोर्ट के आदेशों की अनदेखी, तालाब में भवन बनाने की तैयारी, नगर में आक्रोश

धमधा/नवप्रदेश। न्यायालय के स्पष्ट आदेश, पर्यावरण कानून और स्वयं कलेक्टर के पूर्व निर्णय को नजरअंदाज कर तालाब में सामुदायिक भवन निर्माण की तैयारी से पूरे नगर में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है। वार्ड क्रमांक 02 में आंगनवाड़ी भवन के पीछे स्थित तालाब क्षेत्र को पाटकर निर्माण की योजना के खिलाफ शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तीखा विरोध दर्ज कराया है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि प्रस्तावित स्थल राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से ÷तालाब÷ के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद वहां निर्माण की कोशिश करना सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित सार्वजनिक विश्वास सिद्धांत की खुली अवहेलना है। इस सिद्धांत के अनुसार तालाब, झील और अन्य जलस्रोत जनता की अमानत हैं, जिनका संरक्षण राज्य का संवैधानिक दायित्व है। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों के स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार से सीधे जुड़ा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वेटलैंड्स (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत तालाब या संरक्षित जलाशय के भीतर किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद तालाब क्षेत्र में निर्माण की जिद प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।



न्यायालयों के निर्देश

अदालतों ने स्पष्ट किया है कि तालाबों के भीतर, किनारे या कैचमेंट क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता और अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार संबंधित तालाब लगभग 15 फीट गहरा है और वर्तमान में नगर का कचरा यहीं डाला जा रहा है, जिससे यह क्षेत्र दलदली और अत्यंत अस्थिर हो चुका है। ऐसे स्थान पर करीब 25 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण को न केवल जानलेवा खतरा बल्कि सरकारी धन की खुली बर्बादी बताया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में स्वयं कलेक्टर द्वारा इसी स्थल पर सामुदायिक भवन निर्माण प्रस्ताव को निरस्त किया जा चुका है। इसके अलावा वर्ष 2015 में 15 लाख रुपये की स्वीकृति के बावजूद तालाब स्थल होने के कारण निविदा प्रक्रिया भी निरस्त करनी पड़ी थी, फिर भी उसी स्थान को दोबारा चयनित करना समझ से परे बताया जा रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तालाब को बचाते हुए सामुदायिक भवन का स्थान तत्काल नहीं बदला गया, तो यह विरोध नगरव्यापी जन आंदोलन का रूप लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

स्थानीय ठेकेदारों को बाहर करने की साजिश! निविदा प्राक्रिया पर सवाल

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले के नगर पालिका क्षेत्रों में इन दिनों निविदा प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, स्थानीय ठेकेदारों को कार्य से दूर रखने की मंशा से जानबूझकर विकास कार्यों की निविदाएं राज्य स्तरीय दो अखबारों में प्रकाशित की जा रही हैं, जबकि नियमानुसार ऐसे कार्यों की सूचना स्थानीय स्तर पर प्रचलित एक समाचार व राज्य स्तर के एक समाचार पत्रों में दी जानी चाहिए।

इस प्रक्रिया से न केवल स्थानीय ठेकेदारों के अधिकारों का हनन हो रहा है, बल्कि निविदा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। सूत्र बताते हैं कि जिन अखबारों में राज्य स्तरीय स्तर पर निविदा प्रकाशित की जा रही है, उनसे जुड़े कुछ लोगों तक कथित रूप से कमीशन भी पहुंचाया जाता है, ताकि बाहरी ठेकेदारों को कार्य दिलाने का रास्ता आसान हो सके। इससे स्थानीय ठेकेदारों को समय पर जानकारी नहीं मिल पाती और वे निविदा प्रक्रिया में शामिल ही नहीं हो पाते। परिणामस्वरूप अधिकांश ठेके बाहरी ठेकेदारों को मिल रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यवसाय के अवसर सीमित होते जा रहे हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार, नगर पालिका क्षेत्र के सामान्य और सीमित राशि वाले विकास कार्यों की निविदा एक स्थानीय व एक राज्य स्तर समाचार पत्रों में प्रकाशित की जानी चाहिए, ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक योग्य ठेकेदार भाग ले सकें। इसके बावजूद कोरिया जिले के कई नगरीय निकायों में इन नियमों की अनदेखी कर राज्य स्तरीय ही जिले में नही आने कुछ अखबारों को प्राथमिकता दी जा रही है। यह स्थिति स्थानीय ठेकेदारों के साथ सीधा अन्याय मानी जा रही है। ठेकेदारों के अनुसार इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।वही लग रहे बिलो में राज्य स्तर से जारी विज्ञापन दर से भी अधिक दर पर इन निविदा के बिल लग रहे जिससे कहि न कही कमीशन खोरी से भी इंकार नही किया जा सकता ।सवाल यह उठ रहा है कि क्या जिला प्रशासन और नगरीय प्रशासन विभाग इस मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच करेगा, या फिर स्थानीय ठेकेदारों के हितों की अनदेखी इसी तरह जारी रहेगी।

राज्यपाल रमेन डेका आज राजिम कुंभ का करेंगे शुभारंभ

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रयाग के नाम से प्रसिद्ध राजिम में माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी राजिम कुंभ कल्प नया मेला स्थल चौबेबांधा राजिम में होगा। राजिम कुंभ (कल्प) 1 फरवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर 1 फरवरी को कुंभ कल्प का शुभारंभ करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल सहित रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, राजिम विधायक रोहित साहू, बिन्द्रनवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा की अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष इन्द्राणी साहू, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, नगर पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष लिलेश सुरेश साहू, नगर पंचायत कोपरा के अध्यक्ष रूप नारायण साहू एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में होगा।

शुभारंभ समारोह में विशिष्ट अतिथि दंडी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज, शंकराचार्य आश्रम रायपुर, राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज, स्वामी राजीव लोचन दास महाराज, आचार्य स्वामी राकेश महाराज, आर्य समाज प्रमुख छत्तीसगढ़, संतकौशलेन्द्र रामजी महाराज, अध्यक्ष राम नाम संत समाज, सारंगढ़, बालयोगेश्वर बालयोगी रामबालक दास जी महाराज, पटेश्वर धाम बालोद, महंत सर्वेश्वर दास महाराज, प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय संत समिति, संत परमात्मानन्द महाराज, गोरखपुर धाम पेंड्रा, मध्यप्रदेश, संत गोकुल गिरि जी महाराज, लोमस ऋषि आश्रम राजिम, प्रजापिता ब्रह्मकुमार नारायण भाई, प्रजापिता ब्रहमकुमारी हेमा बहन, राजिम, दंडी स्वामी श्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज, चक्रमहामेरुपीठम मुंगेली, महंत नरेन्द्र दास महाराज, राष्ट्रीय महामंत्री निर्मोही अखाड़ा, स्वामी विराम देवाचार्य जी महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती महाराज जबलपुर, मध्यप्रदेश, महंत उमेशानंद गिरी महाराज, सिद्धिविनायक आश्रम राजिम, संत विचार साहेब जी महाराज, कबीर संस्थान गोबरा नवापारा, रायपुर, स्वामी डॉ. राजेश्वरानन्द जी महाराज, सुरेश्वर महादेव पीठ रायपुर, संत युधिष्ठिर लाल जी महाराज, शदाणी दरबार रायपुर, महंत बी.आर. जोशी, सतनाम पंथ, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी पुष्पा बहन, नवापारा गरियाबंद सहित सम्माननीय संत विशिष्टि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

संत समागम स्थल त्रिवेणी संगम राजिम में सत्संग दरबार आयोजित होगाः राजिम कुंभ कल्प में प्रतिदिन शाम 6:30 बजे महानदी आरती का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 4 बजे से एवं संध्या 7 बजे से कार्यक्रम स्थल मुख्य मंच, नया मेला स्थल चौबे बांधा राजिम में होगा।

शासकीय आश्रम में छात्र के इलाज में लापरवाही, बच्चे की मौत पर मचा हड़कंप

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़े गोबरा के नाम से संचालित भाठीगढ़ के आश्रम में एक आदिवासी बच्चे के बीमार पड़ने पर आश्रम प्रबंधन द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने और देरी के कारण छात्र की मौत हो गई यह खबर लगते ही जहां संबंधित विभाग के अफसरो में हड़कंप मच गई है वही दूसरी ओर माता-पिता के एक मात्र संतान के मौत से परिवार सदमें में है।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने आदिवासी छात्र के मौत पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग किया है और आरोप लगाया गया है कि आश्रम अधीक्षक एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मामले को दबाने के लिए कागजी घोड़ा

भड़के क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा का मामला

दौड़ाना प्रारंभ कर दिया गया है परिजनों को किसी प्रकार के बयान नही देने का दबाव बनाए जाने की सनसनीखेज मामले सामने आए है बहरहाल एक गरीब आदिवासी अपने बच्चे के सुनहरे भविष्य को लेकर उन्हे पढ़ाने आवासीय आदिवासी बालक आश्रम भेजा गया था ताकि उसका बच्चा पढ़ लिखकर मा-बाप का सहारा बन पाए। इस मामले में आदिवासी सहायक आयुक्त गरियाबंद लोकेश्वर पटेल ने बताया इस मामले की जानकारी आज ही मुझे मिली है पूरा मामले को जानने के बाद ही कुछ बता पाउंगा।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भाठीगढ़ में शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा का संचालन किया जा रहा है इस आश्रम में ग्राम गजकन्हार विकासखण्ड नगरी निवासी छात्र राघव कुमार जाति गोड़ ने 26 जून 2023-24 में कक्षा छटवीं में प्रवेश लिया था और इस सत्र में वह कक्षा सातवी का छात्र था छात्र राघव कुमार मंडावी बच्चों में होनहार थे। और अपने माता पिता का एक मात्र संतान था उसके नाना मैनपुर से 8 कि.मी. दूर ग्राम पथर्री में निवास करता है जिसके कारण उन्होने अपने पौत्र को भाठीगढ़ स्थित आदिवासी बालक आश्रम में निवास कर पढ़ाई के लिए प्रवेश दिलवाया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com